



देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

# जन जन जागरण

जनहित का सजग प्रहरी



Web Site: www.janjanjagran.com | भोपाल और झांसी से एक साथ प्रकाशित | भोपाल, बुधवार 12 मार्च 2025 | वर्ष-31 अंक-210 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए



विधानसभा में पेश हुई आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट... वर्ष 2024-25 में जीएसडीपी में 11.05 प्रतिशत की बढ़ोतरी...आज पेश होगा मोहन सरकार का दूसरा बजट

# चार लाख करोड़ से अधिक बजट... सौगात की होगी बौछार

## बजट में हर वर्ग पर फोकस...गरीब, किसान, युवा, महिलाओं पर बजट में बरसेगी कृपा

**भोपाल।** मप्र विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को विधानसभा में आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट भी सरकार ने पेश कर दी है। वर्ष 2024-25 में जीएसडीपी में 11.05 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2023-24 में सीएसडीपी 13,53,809 करोड़ रुपए थी, जो 2024-25 में प्रचलित भावों पर 15,03,395 रुपए हो गई है। प्रचलित भावों पर प्रति व्यक्ति शुद्ध आय 2024-25 में 1,52,615 रुपए हुई, 2011-12 में 38,497 रुपए थी। स्थिर भावों पर प्रति व्यक्ति आय 70,434 रुपए, 2011-12 में 38497 रुपए थी। प्राथमिक क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में वर्ष 2024-25 में योगदान 44.55 प्रतिशत से घटकर 44.36 प्रतिशत हुआ है। 2023-24 में फसल उत्पादन 31.10 प्रतिशत था, 2024-25 में 30.90 प्रतिशत हुआ। वहीं पशुधन में0.03 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2023-24 में पशुधन 7.42 प्रतिशत था। इसमें वर्ष 2024-25 में 7.45 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वहीं वर्ष 2024 -25 में राज्य सकल घरेलू उत्पाद 4.11 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वहीं बुधवार को मोहन सरकार का दूसरा बजट पेश किया जाएगा।



वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा बुधवार को विधानसभा में मप्र का वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट प्रस्तुत करेंगे। यह चार लाख करोड़ रुपए से अधिक का रहेगा। इसमें फोकस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकता वाली चार जातियों गरीब, किसान, महिला एवं युवा पर रहेगा। सिंहस्थ के लिए विशेष बजट प्रविधान किए जाएंगे तो सरकार पूंजीगत व्यय और बढ़ाकर 70 हजार करोड़ रुपये से अधिक कर सकती है। बजट में पूर्व से संचालित योजनाओं में प्रावधान किए जाएंगे। वहीं, किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए कृषक उन्नति योजना प्रारंभ करने की घोषणा हो सकती है। इसमें गेहूं, धान और श्रीअन्न के उत्पादन पर प्रोत्साहन दिया जाएगा।

### गेहूं खरीदी के लिए 2000 करोड़ का प्रावधान

विधानसभा में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा पेश किए गए 19206 करोड़ 79 लाख 529 रुपए के दूसरे अनुपूरक बजट में मंत्रियों के बंगलों की सजावट का सरकार ने विशेष ध्यान रखा है। इस अनुपूरक बजट में शासकीय आवासों की मरम्मत के लिए 205 करोड़ रुपए बजट में तय किए गए हैं। मंत्रियों के आवासों की सजावट पर 5 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

इसके अलावा सिंचाई परियोजनाओं के लिए एक हजार करोड़ और गेहूं खरीदी के लिए 2 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान अनुपूरक बजट में किया गया है। योजना आर्थिक और सांख्यिकी विभाग द्वारा स्टेट सपोर्ट मिशन के लिए बजट में राशि तय की गई है। जल संसाधन विभाग के अंतर्गत सिंचाई परियोजनाओं, नहरों के निर्माण और मरम्मत के लिए दूसरे अनुपूरक बजट में एक हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

### अटल गृह ज्योति योजना के लिए 622 करोड़

अनुपूरक बजट में अटल गृह ज्योति योजना के लिए 622.4484 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। वहीं औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन योजना के लिए 726 करोड़ रुपए, खाद्य विभाग के उपार्जन के लिए 2000 करोड़ रुपए, एमएसएमई प्रोत्साहन व्यवसाय निवेश संवर्धन के लिए 1075.80 करोड़ रुपए, वन विभाग के वानिकी और वन्य जीव के विकास के लिए 293 करोड़ रुपए, वन्य जीव पर्यावास का समन्वय व विकास के लिए 35.72 करोड़ रुपए, सहकारी बैंकों से किसानों को अल्पकालीन ऋण पर ब्याज अनुदान के लिए 34.50 करोड़ रुपए, मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के लिए अलग-अलग सेगमेंट में 366 करोड़, 138 करोड़ और 96 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

### मंत्री बंगलों-सरकारी आवासों के लिए

मंत्रियों के बंगलों की साज सज्जा-रखरखाव के लिए पांच करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। एफ टाइप उच्च श्रेणी आवास, गैर आवासीय भवनों की मरम्मत के लिए 50 करोड़, अन्य कैटेगरी के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान, विशेष मरम्मत के लिए 25 करोड़ रुपए अलग से मांगे गए हैं। विश्राम भवन, गृह निर्माण अंतर्गत सात करोड़, शासकीय आवास गृहों के निर्माण के लिए 35 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

### बिजली कंपनियों को

अनुपूरक बजट में बिजली कंपनियों को अलग-अलग मद में भुगतान का प्रावधान किया गया है। अटल कृषि ज्योति योजना में सब्सिडी के रूप में कंपनियों को भुगतान के लिए 1991.7824 करोड़ रुपए की पूर्ति तय की है। टैरिफ मद अनुदान के लिए 131.5435 करोड़, अटल गृह ज्योति योजना (अनुसूचित जाति सब स्कीम) के लिए 234.6936 करोड़, एससी वर्ग को नि:शुल्क 5 हार्स पावर कृषि पंप, थ्रेसर, एक बत्ती कनेक्शन की प्रतिपूर्ति के लिए 386.0827 करोड़ रुपए, अनुसूचित जनजाति उप योजना में टैरिफ अनुदान के लिए 49.5984 करोड़ रुपए, अटल गृह ज्योति (एससी उपयोजना) के अंतर्गत बिजली बोर्डों को 163.2651 करोड़ रुपए, अनुसूचित जाति वर्ग के लिए पांच एचपी के कृषि पंप, थ्रेसर और एक बत्ती निशुल्क कनेक्शन प्रतिपूर्ति के लिए 386.0827 करोड़, इसी वर्ग के लिए टैरिफ अनुदान के लिए 34.5032 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

### पुल, सड़क और ग्रामीण सड़कों के लिए 2500 करोड़

प्रदेश में बड़े पुल, सड़क और ग्रामीण सड़कों के लिए 2500 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में बड़े पुल के निर्माण के लिए विशेष केंद्रीय सहायता मद में 400 करोड़ रुपए, मप्र सड़क विकास निगम एनडीबी मद के लिए 50 करोड़, ग्रामीण सड़कों और अन्य जिला मार्गों के निर्माण और मरम्मत के लिए 200 करोड़ रुपए, विशेष केंद्रीय सहायता सामान्य मद में ग्रामीण सड़कों और अन्य जिला मार्गों के निर्माण के लिए 500 करोड़, अनुसूचित जाति मद के लिए 100 करोड़, भू अर्जन की स्थिति में मुआवजा देने के लिए 500 करोड़ रुपए और मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना में 805 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

## ब्रीफ न्यूज

### लैंड फॉर जॉब स्कैम में सभी को मिली जमानत

**पटना।** लैंड फॉर जॉब केस में मंगलवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। सभी आरोपियों को कोर्ट से जमानत मिल गई है। कोर्ट ने 50 हजार के मुचलके पर बेल दी है। लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव और बेटी हेमा यादव सुनवाई के दौरान कोर्ट पहुंचे थे। लैंड फॉर जॉब केस के वकील वरूण जैन ने बताया कि 1 सिक्योरिटी और 50 हजार मुचलके पर जमानत दी गई है। गवाहों से टेम्परिंग नहीं करना है। देश छोड़कर जाने से पहले कोर्ट को बताना होगा। इस कंडीशन पर बेल दी गई है।

### मेडिकल हेलिकॉप्टर क्रैश, 3 की मौत

**मिसिसिपी।** अमेरिका के मिसिसिपी में मंगलवार को एक मेडिकल हेलिकॉप्टर क्रैश होने से उसमें सवार एक पायलट और दो मेडिकल स्टाफ की मौत हो गई। यूनिवर्सिटी ऑफ मिसिसिपी मेडिकल सेंटर के प्रवक्ता ने विमान में सवार सभी लोगों की मौत की पुष्टि की है। इससे पहले यूनिवर्सिटी ने बताया था कि जिस वक्त हेलिकॉप्टर क्रैश हुआ उसमें कोई मरीज नहीं था। यह प्लेन मिसिसिपी की राजधानी जैक्सन के उत्तर में मैडिसन काउंटी में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। तीनों मृतकों के परिवारों को जानकारी दे दी गई है, लेकिन गोपनीयता की वजह से उनके नाम उजागर नहीं किए हैं। अभी हादसे की वजह का पता नहीं चल सका है।

### बस पलटने से 12 लोगों की मौत

**जोहान्सबग।** साउथ अफ्रीका के जोहान्सबर्ग एयरपोर्ट के पास एक बस पलटने से 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 45 लोग घायल हो गए। लोकल अधिकारियों के मुताबिक यह बस 50 से ज्यादा लोगों को काम पर लेकर जा रही थी। अभी तक हादसे की वजह पता नहीं चल पाई है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि तेज रफ्तार की वजह से यह हादसा हुआ है। शहर के ट्रांसपोर्ट अधिकारी एंडिले मंगवेवु ने कहा कि इस हादसे का दुख जाहिर करने के लिए हमारे पास शब्द नहीं हैं। अभी हादसे की वजह का पता नहीं चल पाया। एयरपोर्ट की ओर जाने वाली सड़क को बंद कर दिया गया है।

### कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या का दोस्त अरेस्ट

**बेंगलुरु।** डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने बेंगलुरु से एट्रिया होटल के मालिक के पोते तरुण राजू को गिरफ्तार किया है। उन्हें कन्नड़ एक्ट्रेस रन्या राव से जुड़े गोल्ड स्मगलिंग केस में पकड़ा गया है। यह गिरफ्तारी तब हुई जब हाल ही में रन्या को 12.56 करोड़ रुपये के सोने के साथ हिरासत में लिया गया था। सूत्रों के मुताबिक, जांच में तरुण राजू की इस रैकेट में मिलीभगत सामने आई थी, जिसके बाद डीआरआई ने उन्हें अरेस्ट किया। उन्हें बेंगलुरु की स्पेशल इकोनॉमिक ऑफेंसेस कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें पांच दिन की हिरासत में भेज दिया गया।

### गैंगस्टर अमन साहू एनकाउंटर में ढेर

**रांची।** झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू को स्पेशल टास्क फोर्स ने आज एनकाउंटर में ढेर कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अमन साहू ने एसटीएस जवान से इंसास राइफल छीनकर भागने की कोशिश की। इस दौरान उसने जवान पर गोली चलाई। हमले में जवान घायल हो गया। फायरिंग के बाद एसटीएफ ने जवाबी कार्रवाई करते हुए कुख्यात गैंगस्टर को ढेर कर दिया। जख्मी हवलदार का नाम राकेश कुमार है। उन्हें मेदिनीनगर के एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। गैंगस्टर अमन साहू फिलहाल छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के जेल में था, जहां से उसे झारखंड की राजधानी रांची लाया जा रहा था।

### मुश्किलों में आप संयोजक केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के लिए मंगलवार को एक बुरी खबर आई। राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति को कथित रूप से नुकसान पहुंचाने के मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है।

# राज्यसभा में खड़गे के ठोंकेंगे वाले बयान पर हंगामा, डिप्टी चेयरमैन ने बोलने से रोका तो कहा

## क्या-क्या ठोंकना है, हम ठीक से ठोंकेंगे

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के ठोंकेंगे वाले बयान पर हंगामा हुआ। दरअसल, डिप्टी चेयरमेन ने दिग्विजय सिंह को बोलने के लिए कहा, लेकिन खड़गे बीच में अपनी बात रखने लगे। इस पर डिप्टी चेयरमैन हरिवंश ने उन्हें टोका, कहा- आप सुबह बोल चुके हैं। इस पर खड़गे ने कहा कि ये क्या डिक्टेटरशिप है। मैं हाथ जोड़कर आपसे बोलने की अनुमति मांग रहा हूं। अभी दिग्विजय सिंह के बोलने का मौका है, इसलिए आप बैठ जाइए। इसके बाद खड़गे ने कहा- वो तो बोलेंगे ही, लेकिन आपको क्या-क्या ठोकना है हम ठीक से ठोंकेंगे, सरकार को भी ठोंकेंगे। जब हरिवंश ने उनके बयान पर आपत्ति जताई तो उन्होंने बोला कि हम सरकार की नीतियों को ठोंकेंगे की बात कर रहे हैं।

खड़गे के बयान पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि नेता विपक्ष की ओर से आसन के लिए इस तरह की भाषा किसी भी रूप मे स्वीकार नहीं है। उन्हें माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने उपसभापति हरिवंश से मांग करते हुए कहा कि ऐसे शब्दों को सदन की कार्यवाही से हटाया जाए। ऐसी भाषा अति निंदनीय है और माफी के योग्य भी नहीं है। इसके बाद खड़गे ने सदन में खड़े होकर कहा कि मैंने आसन के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने उपसभापति से कहा कि अगर आपको मेरी बातें से ठेस पहुंची है तो मैं इसके लिए माफी मांगता हूं। मैंने ठोको शब्द का इस्तेमाल सरकार की नीतियों के लिए किया है। मैं सरकार से माफी नहीं मांगूंगा।

### धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ डीएमके का प्रदर्शन

नेशनल एजुकेशन पॉलिसी और ट्राय-लैंग्वेज को लेकर संसद के बाहर विपक्ष के सांसदों ने प्रदर्शन किया। डीएमके सांसद कनिमोझी और अन्य सांसद काले कपड़े पहनकर तमिलनाडु पर धर्मेंद्र प्रधान की टिप्पणी का विरोध किया। उन्होंने प्रधान से माफी मांगने को कहा। डीएमके सांसद कनिमोझी ने कहा कि केंद्र सरकार तमिलनाडु को मिलने वाले पैसे को रोक रही है। कह रही है कि हमें तीन-भाषा नीति और हश्वक्कपर हस्ताक्षर करना है। वे तमिलनाडु के बच्चों का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। उन्हें तमिलनाडु के बच्चों के लिए मिलने वाले फंड को रोकने का कोई अधिकार नहीं है।

### इमिग्रेशन बिल मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है

सरकार ने इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल, 2025 संसद में पेश किया। इस पर कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा- यह बिल मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। इस बिल में गंभीर समस्याएं हैं और इसीलिए मैंने कहा था कि या तो सरकार को इसे लेना चाहिए या इसे समिति को भेजा जाना चाहिए।

# दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में 13 भारत के

## मेघालय का बर्नीहाट टॉप, दिल्ली सबसे पॉल्यूटेड कैपिटल; ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड समेत 14 देश सबसे साफ

**नई दिल्ली।** दुनिया को 20 सबसे प्रदूषित शहरों में 13 भारत के हैं। मेघालय का बर्नीहाट शीर्ष पर है। वहीं, दिल्ली सबसे प्रदूषित कैपिटल की कैटेगरी में टॉप पर है। स्विस एयर क्वालिटी टेक्नॉलॉजी कंपनी आईक्यू एयर की 2024 की रिपोर्ट में ये जानकारी सामने आई है।

रिपोर्ट में भारत को दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में पांचवां स्थान दिया गया है। 2023 में हम तीसरे स्थान पर थे यानी पहले से दो स्थान नीचे आए हैं। मतलब भारत में पहले से प्रदूषण को लेकर कुछ सुधार हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में भारत में पीएम 2.5 के स्तर में 7 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। 2024 में पीएम 2.5 का स्तर औसतन 50.6 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रहा, जबकि 2023 में यह 54.4 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर था। फिर भी, दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में से 6 भारत में हैं। दिल्ली में लगातार प्रदूषण का लेवल हाई दर्ज किया गया। यहां पीएम 2.5 का सालाना औसत 91.6 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रहा।

### देश के 13 शहर सबसे प्रदूषित

भारत के जिन 13 शहरों को सबसे प्रदूषित माना गया है, उनमें पंजाब से लेकर मेघायल तक के शहर हैं। इस लिस्ट में बर्नीहाट पहले नंबर पर है तो वहीं दिल्ली दूसरे स्थान पर है। पूरी दुनिया में दिल्ली सबसे प्रदूषित राजधानी की श्रेणी में भी है। इसके अलावा पंजाब का मुल्लानपुर तीसरे स्थान पर है। चौथे पर फरीदाबाद है। फिर गाजियाबाद के लोनी, नई दिल्ली, गुरुग्राम, गंगानगर, ग्रेटर नोएडा, भिवाड़ी, मुजफ्फरनगर, हनुमानगढ़ और नोएडा का नंबर आता है। कुल मिलाकर भारत के 35 फीसदी शहर ऐसे हैं, जहां पीएम 2.5 का लेवल डब्ल्यूएचओ की ओर से तैयार लिस्ट से 10 गुना ज्यादा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की लिमिट 5 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर की है।

### ओशिनिया दुनिया का सबसे साफ क्षेत्र

ओशिनिया साल 2024 में दुनिया का सबसे स्वच्छ क्षेत्र रहा। इसके 57 प्रतिशत शहर डब्ल्यूएचओ के दिशानिर्देशों को पूरा करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण-पूर्व एशिया के हर देश में पीएम2.5 के कंसंट्रेशन में कमी आई है, हालांकि सीमा पार धुंध और अल नीनो की स्थिति अभी भी प्रमुख फैक्टर बनी हुई है। यूएन के मुताबिक, ओशिनिया में 14 देश हैं। इनमें ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फिजी, पापुआ न्यू गिनी, नौरू, किरिबाती, माइक्रोनेशिया और मार्शल आइलैंड्स शामिल हैं।

# बलूचिस्तान में ट्रेन हाईजैक, एयर स्ट्राइक की तैयारी में पाकिस्तान

## 182 यात्री बंधक, 20 सैनिकों की हत्या

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बलूच लिबरेशन आर्मी ने एक ट्रेन को हाईजैक कर लिया है। 182 यात्रियों को बंधक बनाया गया है और दावा किया जा रहा है कि अब तक 20 पाकिस्तानी सैनिक मारे जा चुके हैं। साथ ही एक ड्रोन को भी मार गिराया है। ट्रेन को हाईजैक करने के बाद बीएलए ने जारी किए अपने बयान में शहबाज सरकार को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि अगर पाक आर्मी उनके खिलाफ एक्शन लेती है तो वह सभी बंधकों को मार देंगे।

बीएलए ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि यदि एयर स्ट्राइक तुरंत नहीं रुकी तो सभी बंधकों को मार दिया जाएगा। हालांकि, इस घटना पर पाक सेना-पुलिस की ओर से अभी तक कोई टिप्पणी नहीं आई है। जानकारी के अनुसार, बीएलए का मुकाबला करने के लिए पाक सेना एयर स्ट्राइक की तैयारी कर रही है और एयर एसेट तैनात किए गए हैं।

### पहाड़ी इलाके का फायदा उठाकर किया अटैक

बलोच लिबरेशन आर्मी ने बोलान के माशकाफ में गुडालार और पीरू कुनरी के बीच इस हमले को अंजाम दिया है। यह पहाड़ी इलाका है, जहां 17 सुरंगें हैं, इसके चलते ट्रेन को धीमी स्पीड पर चलाना पड़ता है। इसका फायदा उठाकर बीएलए ने ट्रेन पर हमला किया। सबसे पहले बलोच आर्मी ने माशकाफ में टनल नंबर-8 में रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया। इससे जाफर एक्सप्रेस डिरेल हो गई। इसके बाद बीएलए ने फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में ट्रेन का ड्राइवर भी घायल हुआ। इस ट्रेन में सुरक्षाबलों, पुलिस और आईएसआई के एजेंट्स सफर कर रहे थे। सभी पंजाब जा रहे थे। इन्होंने बीएलए के हमले का जवाब दिया। लेकिन बीएलए ने ट्रेन पर कब्जा कर लिया। इस दौरान 11 सुरक्षाकर्मी मारे गए।

# ट्रंप-मस्क की जोड़ी न अमेरिका और न ही विश्व को आ रही पसंद

## अमेरिका की इकोनॉमी में आई मंदी, शेयर बाजार में हाहाकार

**वाशिंगटन।** अमेरिका विश्वशक्ति है, एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर उद्योगपति हैं। डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति बनाने में मस्क का बड़ा योगदान है। अब ट्रंप-मस्क की जोड़ी अमेरिका पर शासन कर रही है। लेकिन यह जोड़ी न तो अमेरिका और न ही विश्व को पसंद आ रही है। इसका परिणाम यह हो रहा है कि अमेरिका की इकोनॉमी में मंदी आ गई है, वहीं शेयर बाजार में भी हाहाकार मचा हुआ है।

दरअसल, अमेरिकी इकोनॉमी से जुड़े फैसलों में भी मस्क की मौजदूगी दिखने लगी। ट्रंप भी मस्क के हां में हां मिलाने लगे। इस बीच ट्रंप ने टैरिफ को लेकर मोर्चा खोल दिया। अमेरिका फर्स्ट का नारा तो ठीक था। लेकिन दूसरे देशों पर दबाव डालकर अमेरिका फर्स्ट का सपना अब सच होता नहीं दिख रहा है। ट्रंप के टैरिफ अटैक से दूसरे देशों की इकोनॉमी पर बाद में असर होगा, लेकिन उससे पहले अब खुद अमेरिका पर उसका असर दिखने लगा है। क्योंकि चीन-कनाडा ने तो ट्रंप के टैरिफ का तगड़ा जवाब दिया है। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से अमेरिका पर ही ट्रंप का दांव उल्टा पड़ता नजर आ रहा है। अमेरिका की इकोनॉमी में मंदी की आहट सुनाई देने लगी है। मंदी के डर से सोमवार को अमेरिकी बाजार में बड़ी गिरावट देखने को मिली। कुछ लोग तो कह रहे हैं कि जिस तरह से ट्रंप ने ग्लोबल टैरिफ वॉर छेड़ा, उसका सबसे ज्यादा असर अब अमेरिका पर ही दिख रहा है, और उसी कड़ी में मंदी और अमेरिकी शेयर बाजार में भूचाल में दिख रहा है।

### बैकफुट पर आए ट्रंप

अब जब अमेरिका को लगने लगा कि टैरिफ वॉर से उसी को सबसे ज्यादा नुकसान होने वाला है तो फिर ट्रंप प्रशासन समझौते के मूड में नजर आ रहा है। कनाडा और मेक्सिको पर लगा टैरिफ को फिलहाल टाल दिया गया है, जबकि भारत के साथ खुद ट्रंप डील की बात कह रहे हैं। लेकिन राष्ट्रपति चुनाव में जिस तरह से एलन मस्क और ट्रंप की जोड़ी देखने को मिली थी, अब एलन मस्क को ही आर्थिक तौर सबसे ज्यादा नुकसान हो रहा है।

### 24 घंटे में 2.5 लाख करोड़ घटी नेटवर्थ

टेस्ला का शेयर क्रैश होने का असर एलन मस्क की नेटवर्थ पर भी देखने को मिला है। बीते 24 घंटे में ही एलन मस्क नेटवर्थ में 29 अरब डॉलर (करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा) की कमी आई है, और ये घटकर 301 अरब डॉलर रह गई है। इस साल अब तक मस्क की संपत्ति में 132 अरब डॉलर की गिरावट आ चुकी है। खास बात ये है जितनी रकम एलन मस्क ने करीब 2 महीने में गंवाई है, वो आंकड़ा दुनिया के टॉप अरबपतियों की लिस्ट में शामिल कई अरबपतियों की कुल संपत्ति से भी ज्यादा है।

# एयरटेल और स्पेसएक्स की हुई साझेदारी

## भारत में जल्द लॉन्च होगा सैटेलाइट इंटरनेट

**नई दिल्ली।** एयरटेल ने एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट को भारत में लाने की योजना है, हालांकि यह डील तभी लागू होगी जब स्पेसएक्स को भारतीय सरकार से स्टारलिंक सेवाएं बेचने की अनुमति मिलेगी। एयरटेल और स्पेसएक्स की साझेदारी के मुख्य बिंदुओं के अनुसार एयरटेल, अपने स्टोर्स में स्टारलिंक उपकरण बेच सकता है और इसे बिजनेस ग्राहकों को ऑफर कर सकता है। यह साझेदारी ग्रामीण स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों और दूरदराज के इलाकों में इंटरनेट सेवा पहुंचाने का काम करेगी। स्टारलिंक, एयरटेल के नेटवर्क को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है, और स्पेसएक्स, भारत में एयरटेल के बुनियादी ढांचे का उपयोग कर सकता है।

### एयरटेल पहले से ही सैटेलाइट इंटरनेट दे रहा

एयरटेल पहले से ही यूटेलसैट वनवेब के साथ मिलकर सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं प्रदान कर रहा है। स्टारलिंक के जुड़ने से दूरदराज के क्षेत्रों में इंटरनेट कवरेज बढ़ेगा और बिजनेस व ग्रामीण समुदायों को तेज गति वाली कनेक्टिविटी के अधिक विकल्प मिलेंगे। भारती एयरटेल के प्रबंध निदेशक और उपाध्यक्ष गोपाल विट्टल ने कहा कि स्पेसएक्स के साथ मिलकर भारत में एयरटेल ग्राहकों के लिए स्टारलिंक सेवाएं प्रदान करना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह एयरटेल की अगली पीढ़ी की सैटेलाइट कनेक्टिविटी के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

## पान मसाला कंपनी पर आयकर की दबिश

**भोपाल।** भोपाल में आयकर विभाग ने पान मसाला कंपनी पर इनकम टैक्स चोरी के मामले में सर्वे शुरू किया है। गोविंदपुरा इलाके में यह फैक्ट्री है। जिसमें राजश्री गुटखा और अन्य पान मसाले तैयार करने का काम किया जाता है। बिलों में गड़बड़ी कर कंपनी आय छिपा रही थी। जिसके लिए आयकर विभाग की टीम सर्वे करने पहुंची है।

» न्यूज कैप्सूल »

## भगोरिया हाट में पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा के साथ आधुनिकता

**अलीराजपुर।** अलीराजपुर जिला मुख्यालय पर इन दिनों भगोरिया हाट की धूम मची हुई है आदिवासी बालिकाएं पारंपरिक वेशभूषा में सज धज कर मेले में शामिल हो रहे हैं इसमें पारंपरिक वेशभूषा के साथ आधुनिकता की भी छाप देखने को मिल रही है ढोल और मांदल की थाप पर थिरकती युवतियाँ सभी के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है इस मेले को देखने और शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं हाथ मेले में पारंपरिक व्यंजन भी बड़ी मात्रा में बिक रहे हैं भगोरिया नृत्य को देखने के लिए आसपास के इलाकों के लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

## एम्स भोपाल में रोबोटिक स्पाइन सर्जरी की शुरुआत

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के एम्स हॉस्पिटल में रोबोटिक स्पाइन सर्जरी शुरू हो गई है। 20 करोड़ की लागत से यह व्यवस्था शुरू हुई है।रोबोटिक सर्जरी के माध्यम से रीड की हड्डी का टेड़ापन या अन्य हड्डियों की बीमारी का इलाज होगा। शरीर के विभिन्न अंगों का एक तरफ छोटा-ब?ा हो जाना, कंधा ऊंचा और एक नीचा होना, शरीर में अन्य कोई विसंगति का इलाज अब छोटी उम्र में संभव होगा। रीड की हड्डी का ऑपरेशन सबसे कठिन होता है।छोटे बच्चों के लिए यह काफी कष्ट देय होता है। जन्म के साथ जो अंगों की बीमारी होती है।उनका भी इलाज अब आसानी से भोपाल एम्स में हो सकेगा। एक छोटा सा छेद करके रोबोटिक हैंड अथवा लाइव 3ष्ठ स्कैन की मदद से रीढ की हड्डी के देशों को दूर किया जा सकता है। रोबोटिक सर्जरी मे दर्द बहुत कम होगा। रक्त स्राव काम होगा, घाव जल्दी भरेगा। मध्य प्रदेश में इस तरह की सर्जरी अभी किसी भी सरकारी अस्पताल में नहीं थी। एम्स भोपाल में यह सेवा शुरू हुई है। अब मध्य प्रदेश के लोगों को अन्य राज्यों में इलाज के लिए नहीं जाना पड़ेगा। निदेशक डॉक्टर अजय सिंह का कहना है। प्रदेश वासियों के लिए यह एक बड़ी सौगात और गर्व का विषय है।

## जो परिवर्तन से डरते हैं वो कायर कहलाते हैं- मुनि श्री आदित्य सागर

**इन्दौर।** श्रुत संवेगी श्रमण आदित्यसागर जी महाराज ससंघ का सुमतीधाम में विराजमान हैं जहां उन्होंने आज अपनी मंगल देशना में कहा कि जों परिवर्तन से डरते हैं और संघर्ष से कतराते हैं, वो लोग मनुष्यों में सबसे बडे कायर हैं। वीर बने, डरपोक नहीं बने। मनुष्य बने, कायर न बने। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि गुरुदेव ने महती धर्म सभा में कहा कि- परिवर्तन और संघर्ष से मत भागो, उसे स्वीकारो, उसमे खुद को ढालों जब तुम दुसरों को हराओगे, तब तुम खुद भी मुस्कुराओगे। अच्छा काम करोगे तो नाम और शोहरत जरूर पाओगे। गुरु देव ने कहा कि इत्र छिडकने वाले के हाथ भी महकते हैं,मेला उठाने वाले के हाथ बदबू देते हैं।

## राठौर समाज का होली मिलन समारोह 14 को

**जबलपुर।** राष्ट्रवीर राठौर क्षत्रिय पंचायत समिति के तत्वाधान में राठौर क्षत्रिय समाज का होली मिलन समारोह 14 मार्च को वीर दुर्गादास राठौर प्रतिमास्थल (भवंरताल पार्क) पर सांय 4 बजे आयोजित है। कार्यक्रम सुरेंद्र सिंह राठौर की अध्यक्षता में आयोजित है। कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील दिनेश राठौर, मुकेश राठौर, निशा राठौर, बंसत राठौर, गजेंद्र सिंह राठौर, निलेश राठौर, विजय राठौर, अजय राठौर, मोहन राठौर, संतोष राठौर आदि ने की है।

## चेंबर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत

**जबलपुर।** टिम्बर मर्चेंट्स एसोसिएशन में महाकौशल चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के निर्विरोध नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया7 महाकौशल चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष रवि गुप्ता एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकर नागदेव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष युवराज जैन गढ़ावाल, मानसेवी मंत्री अखिल मिश्रा, कोषाध्यक्ष हेमराज अग्रवाल एंव सहमंत्री गुलशन मखीजा और प्रभात जैन का स्वागत टिम्बर मर्चेंट्स एंड सॉ मिल ऑनर्स एसोसिएशन जबलपुर के अध्यक्ष एवं सचिव विनय मखीजा, सहसचिव ब्रजेश जैन मंचन संचालन कर्ता, मनकरण सलूजा एवं टिम्बर मर्चेंटस एंड सॉ ऑनर्स एसोसिएशन जबलपुर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# निगम के गढ़ा जोन कार्यालय में आग लगी

### महत्वपूर्ण दस्तावेज खाक, जांच कमेटी गठित

**जबलपुर।** सोमवार की देर रात गढ़ा बाजार स्थित नगर निगम जोन कार्यालय में भीषण आग लग गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत ही नगर निगम के अधिकारियों सहित फायर ब्रिगेड और गढ़ा थाना पुलिस को आग की जानकारी दी, जिसके बाद करीब आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंची और जोन कार्यालय में लगी आग को बुझाने की कोशिश में जुट गई। आग लगने की वजह अभी अज्ञात है लेकिन अचानक लगी आग में लाखों रुपए



का नुकसान नगर निगम को हुआ है। नगर निगम के जोन कार्यालय में आग लगने की जानकारी मिलते ही नगर निगम कमिश्नर प्रीति यादव सहित निगम के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल विभाग ने जोन कार्यालय में लगी आग पर काबू तो पा लिया लेकिन इस दौरान कार्यालय में रखे कई अहम दस्तावेज जलकर पूरी तरह से एक खाक हो गए।

जानकारी के मुताबिक रात करीब 11.30 बजे नगर निगम के अधिकारियों सहित गढ़ा थाना पुलिस को स्थानीय लोगों ने सूचना दी कि कार्यालय में भीषण आग लग गई है, जानकारी मिलते ही नगर निगम की करीब 6 गाड़ियां मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

नगर निगम कमिश्नर प्रीति यादव ने बताया कि जोन कार्यालय में आग कैसे लगी है इसके लिए एक टीम भी गठित की गई है जो कि पूरे मामले की जांच करेगी।

# अभिनव रंगमंडल का राष्ट्रीय नाट्य समारोह 26 मार्च से

**इन्दौर।** अभिनव रंगमंडल उज्जैन/इंदौर द्वारा 26 मार्च से 28 मार्च तक तीन दिवसीय 39 वें राष्ट्रीय नाट्य समारोह का आयोजन आनंद मोहन माथुर सभागृह में आयोजित किया जा रहा है। समारोह में 26 मार्च को विहान ड्रामा वर्कस भोपाल द्वारा सौरभ आनंद के निर्देशन में गांधी गाथा नाटक की प्रस्तुति होगी , 27 मार्च को अभिनव रंगमंडल उज्जैन /इंदौर द्वारा अगाथा क्रिस्टी रचित माउस ट्रैप का हिंदी अनुवाद चुहेदानी के नाम से शरद शर्मा के निर्देशन में मंचित होगा । समापन संध्या पर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय बेंगलुरु की निदेशक वीणा शर्मा के निर्देशन में मुंशी प्रेमचंद की कहानी रसिक संपादक( हास्य से भरपूर) की प्रस्तुति रंग विषारद क्लब दिल्ली द्वारा की जाएगी। 26 मार्च को श्रीमती विजया देवी शर्मा की स्मृति में स्थापित 51,000/ की राशि का विशेष राष्ट्रीय अभिनव रंग सम्मान मरणोपरांत आलोक चटर्जी को प्रदान किया जाएगा।

# वक्फ संशोधन और नई कमेटी के खिलाफ प्रदर्शन



### मोमिन ईदगाह के सामने मुस्लिम समाज का धरना, ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।** केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे नए वक्फ संशोधन विधेयक और मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड द्वारा मोमिन ईदगाह, गोहलपुर में की जा रही मनमानी के विरोध में ईदगाह के सामने दो दिन मुस्लिम समाज धरने पर बैठा7 सोमवार की देर रात तक चले धरना प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन धरना स्थल पर ही एसडीएम को सौंपा गया7 ज्ञापन में वक्फ संशोधन बिल वापस लेने और मोमिन ईदगाह, गोहलपुर में मनमाने तरीके से मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड द्वारा थोपी जा रही नई कमेटी को भंग करने की मांग की गई। वहीं, यह चेतावनी दी गई कि यदि मांगे नहीं मानी गईं तो समाज आने वाले दिनों में अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेगा।

ईदगाह एक्शन कमेटी के मीडिया प्रभारी याकूब अंसारी एवं एड. अदनान अंसारी ने कहा कि धरने में सर्वसम्मति से तय हुआ कि मोमिन ईदगाह पर थोपी जा रही कमेटी को किसी भी हाल में कबूल नहीं किया जाएगा। मांगे नहीं माने जाने पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा।

प्रदर्शन में अंसारी समाज के सरदार हकीम बाबा, राईन समाज के सरदार एवं वरिष्ठ समाजसेवी हाजी गुलाम मोहम्मद भूरे पहलवान, कुरैशी समाज के अध्यक्ष अमीन कुरैशी, मंसूरी समाज के वरिष्ठ मकबूल रिजवी, खान समाज के सरदार मोईन खान, कलीम खान, अशरफ मंसूरी, मौलाना आसिफ सिद्दीकी, कामरेड मुस्तफा अंसारी, सरदार मुख्तार अहमद, सरदार इरशाद अंसारी, सरदार रशीद, सरदार सगीर, सरदार युनुस, पार्षद वकील अंसारी, पार्षद अख्तर अंसारी, पार्षद गुलाम हुसैन, पार्षद शफीक हीरा, पार्षद कलीम खान, पार्षद गुड्डू नबी, याकूब अंसारी, पूर्व पार्षद आज़म अली खान, राजू लाइक, शमीम अंसारी गुड्डू, शाबान मंसूरी, आदि उपस्थित रहे।

# निज स्वार्थ के लिए कॉग्रेस ने देश को बार-बार चुनाव कराने की प्रक्रियाओं में उलझा दिया: श्याम तिवारी

**सागर।** भारत वर्ष में पिछले 60 वर्षों से कांग्रेस का शासन रहा और इस शासन व्यवस्था में हमने देखा आज़ादी के जो जीवन मूल्य हमारे आज़ादी के नायकों ने निर्धारित किए थे। उनमें बहुत गिरावट परिलक्षित हुई जब से आदरणीय मोदी जी देश में प्रधानमंत्री बने हैं तब से वह निरंतर निर्णयों के माध्यम से वो देश की गाड़ी को पुन: पटरी पर लाने का प्रयास कर रहे हैं जिसकी 卐एक राष्ट्र एक चुनाव है卐 अहम कड़ी है यह बात एक राष्ट्र एक चुनाव है समिति के जिला संयोजक अधिवक्ता कृष्ण वीर सिंह ठाकुर ने सागर में आयोजित भाजपा नगरीय निकाय के जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही!

बैठक में जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी,महापौर संगीता तिवारी,जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत नगर निगम वृंदावन अहिरवार ने भी संबोधन दिया

बैठक में एक राष्ट्र एक चुनाव समिति जिला सदस्य अधिवक्ता मनोज भाई जी,सभी नगर पालिका नगर पारिषद एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष जिला पदाधिकारी मोर्चा अध्यक्ष उपस्थित रहें!

अधिवक्ता कृष्ण वीर सिंह ठाकुर ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत 1947 में आजाद हुआ और 26 जनवरी 1950 में संविधान लागू हुआ तब देश में संविधान के आर्टकिल 326 के तहत विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होने का तय हुआ था यह परंपरा इसलिए बनाई गई थी कि देश में जो भी सरकार चुनी जाए उस सरकार को एक निश्चित समयावधि काम करने के लिए मिले ताकि जो जनादेश आया है उस जनादेश को पूरा करने की दिशा में वो सरकार समय की कमी को महसूस न करें हमारे देश में लोकतांत्रिक शासन पद्धति अपनाई जनता अपने वोट से तय करती है कि उसको कौन शासन व्यवस्था को चलाएगा उसकी नीतियां क्या होंगी नीतियां बनाना बात अलग है। उनको क्रियान्वन करना बात अलग है तो क्रियान्वयन करने के लिए समय भी चाहिए ऐसा संभव नहीं है कि आज हमने जनादेश पाया। और एक साल में दूसरा चुनाव होने लगा तो फिर वो एक साल की कार्य अवधि में है अपनी जो नीति हमको लागू नहीं कर पाएंगे इसलिए संविधान के विशेषज्ञों ने यह माना कि 5 वर्ष का समय कम से कम इसके लिए रखा जाना चाहिए।

# पी एम उषा योजना के अंतर्गत कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में सॉफ्ट कॉम्पोनेंट कौशल विद्या का प्रशिक्षण ले रहे हैं विद्यार्थी और शिक्षक

**सागर।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय (अग्रणी) सागर में पी एम उषा योजना के अंतर्गत %सॉफ्ट कॉम्पोनेंट कौशल विद्या% का प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीएस रोहित व पीएम उषा इंचार्ज डॉ. इमराना सिद्धिकी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ ही शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टाफ भी प्रशिक्षण ले रहे हैं।

शासन की कौशल प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत चल रहे इस कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे प्रशिक्षणार्थी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एप्लीकेशन कंटेंट, क्रिएशन थ्रू चैट जी पी टी एंड गूगल जेमिनी में चैट जीपीटी, जेमिनी लॉगिन करने के साथ कंटेंट क्रिएट करना सीख रहे हैं तथा इस कौशल विद्या से लाभान्वित हो रहे हैं।

महाविद्यालय में चल रहे उक्त कंप्यूटर अवेयरनेस प्रशिक्षण卐 के संबंध में डॉ संदीप सबलोक ने बताया कि शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के कंप्यूटर विभाग के अध्यक्ष डॉ. मयंक रूसिया ने इन कोर्सेज को पाठयक्रम अनुसार तैयार किया हैं। जिसमें फैकल्टी के लिए फंडामेंटल ऑफ़ कंप्यूटर जेनरेशन, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड सॉफ्टवेयर के साथ-साथ सभी इनपुट एवं आउटपुट डिवाइस, कंप्यूटर मेमोरी और सॉफ्टवेयर में विंडो 11 को रन करना सिखाया जा रहा है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी

प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान एवं स्टाफ में डॉ गोपा जैन, डॉ सुनील साहू, डॉ अभिलाषा जैन, डॉ प्रतिभा जैन, डॉ सुचिता अग्रवाल, डॉ संगीता कुंभारे, डॉ राणा कुंजर सिंह, डॉ शैलेंद्र सिंह राजपूत, राकेश कुमार सैनी, अरविंद यादव, डॉ कनिष्क तिवारी, डॉ शालनी सिंह परिहार, प्रमोद सेन, छतर सिंह, लैब टेक्नीशियन कीर्ति रैकवार सहित अनेक विद्यार्थी

प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उक्त कार्यक्रम शेड मैप भोपाल के नरेंद्र कुमार तोमर, व जिला समन्वयक राजकुमार चौधरी की देखरेख में संपन्न हो रहा है।

# बिलहरी कब्रिस्तान में धरने पर बैठे रहवासी

### आर्मी ईस्टेट ऑफिस ने दिए बेदखली के नोटिस, हंगामा



**जबलपुर।** कैंट एरिया में स्थित बिलहरी क्रिश्चिन कब्रिस्तान में मंगलवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई जब कब्रिस्तान के गेट पर आर्मी का वाहन आकर खड़ा हो गया7 इसके बाद बेदखली की आशंका से यहां रहे परिवारों में हड़कंप मच गया और दहशत जदा परिवारों सहित क्रिश्चियन समाज के लोग सड़क पर आकर प्रदर्शन करने लगे7 यहां रह रहे करीब 8 परिवारों का दावा है कि वे पीढ़ियों से यहां निवास कर रहे हैं और कब्रिस्तान की देख रेख में अपना योगदान भी दे रहे है7 प्रदर्शन में सर्व ईसाई महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डेविड फ्रासिंस, विनोद चेम्बर, आशीष सालोमन, शॉन कुमार फ्रांसिस, मारिया रॉबर्ट फ्रांसिस, डेंजल एंग्रे, मनोज एंथोनी बड़ी संख्या में महिलाएं भी धरने पर बैठ गए7 जानकारी मिलने पर स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंच गए7 हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस बल व प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर जा पहुंचे।

दरअसल बिलहरी कब्रिस्तान के अंदर करीब 8 परिवार रहते हैं। उक्त परिवार के सदस्यों का कहना है कि वो पी?ियों से वहां रह रहे हैं और कब्रिस्तान की व्यवस्थाओं में अपना योगदान देते चले आ रहे हैं। उनका दावा है कि उक्त कब्रिस्तान ब्रिट्रिश कालीन है और उनके परिवारों को कब्रिस्तान की कब्रों की देखरेख के लिए ब्रिट्रिश शासकों ने तैनात किया था। उनका दावा यह भी है कि उक्त कब्रिस्तान की भूमि न तो प्रदेश शासन के आधीन है और न ही केंद्र सरकार के आधीन है। लिहाजा उन्हें बेदखल नहीं किया जा सकता है।

वहीं आर्मी ईस्टेट ऑफिसर ने 24 फरवरी को नोटिस जारी किया था। जिसमें बताया गया था कि अधिनियम की धारा 5-ए की उपधारा (1) के प्रावधान का उल्लंघन करते हुए सर्वेक्षण संख्या 386 पर लगभग 6750 वर्ग फीट में निर्माण किया गया है। आर्मी का दावा है कि 11 मार्च 2019 को लिखित नोटिस द्वारा 20 मार्च 2019 तक उक्त भवन हटाने को कहा गया था। लिहाजा अधिनियम की धारा 5-बी की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए कब्रिस्तान में रहे भीम सिंह पुत्र स्वर्गीय सूरज पई, मनोज कोरी पुत्र स्वर्गीय सूरज पाल, वीरेंद्र कोरी पुत्र स्वर्गीय हेमंत कोरी, मुकेश कोरी पुत्र स्वर्गीय हेमंत कोरी को आदेश दिया गया था कि 4 मार्च तक मकानों हटा लें। अन्यथा उक्त कार्य को संपदा अधिकारी या उसके द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा ध्वस्त कर दिया जाएगा।

# भविष्य में सुरखी विधानसभा के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विधानसभा का नाम रोशन करेंगे: मंत्री गोविंद सिंह राजपूत

### खेलों से टीम भावना विकसित होती है और व्यक्ति में नेतृत्व क्षमता भी उभरती है- संदीप जी.आर.कलेक्टर

### खेल सर्वांगीण विकास के साथ नशे और अन्य बुरी आदतों से दूर रखने में मदद करता है- विकास कुमार सहवाल, पुलिस अधीक्षक

### मंत्री कप क्रिकेट महाकुंभ- फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब बना राहतगढ़ मंडल का चैंपियन

**सागर।** जिले की सुरखी विधानसभा में चल रहे मंत्री कप क्रिकेट महाकुंभ के तहत मंगलवार को राहतगढ़ मंडल के सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम में फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब राहतगढ़ और झिला आर.डी.एक्स. क्रिकेट क्लब के बीच रोमांचक फाइनल मुकाबला खेला गया। इस मैच में फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब राहतगढ़ ने शानदार



प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच के दौरान स्टेडियम में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सागर कलेक्टर संदीप जी.आर. और पुलिस अधीक्षक विकास कुमार सहवाल उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए परिचय लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए यह क्रिकेट महाकुंभ आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि यह युवाओं को अनुशासन, मेहनत और टीम वर्क सिखाता है। इस तरह के टूर्नामेंट से नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा और भविष्य में हमारे क्षेत्र के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करेंगे। इस प्रतियोगिता से निकले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को सागर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन में प्रशिक्षण दिया जाएगा। ताकि वह खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को और निखर सके। उन्होंने सुरखी विधानसभा के युवा क्रिकेट प्रेमियों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करने की भी बात कही।

कलेक्टर संदीप जी.आर. ने अपने संबोधन में कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को आत्मविश्वास प्रदान करती हैं। खेल के माध्यम से व्यक्ति न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनता है। क्रिकेट जैसे खेलों से टीम भावना विकसित होती है और व्यक्ति में नेतृत्व क्षमता भी उभरती है। उन्होंने खिलाड़ियों को निडरता से अपने खेल कौशल को निखारने की प्रेरणा दी।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार सहवाल ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि युवा अगर खेलों में रुचि लेते हैं, तो वे समाज में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। खेल भावना से खेलना ही असली जीत है। उन्होंने कहा कि खेल से युवाओं का सर्वांगीण विकास होता है और यह उन्हें नशे और अन्य बुरी आदतों से दूर रखने में मदद करता है।

### मंत्री ने युवा शक्ति संगठन को दी बधाई

मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने युवा शक्ति संगठन के सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए संगठन ने पूरी लगन और मेहनत से कार्य किया है। उन्होंने संगठन के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि उनका प्रयास इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने में सफल रहा।

### फाइनल मैच का रोमांच

फाइनल मुकाबला फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब राहतगढ़ और झिला आर.डी.एक्स. क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया, जिसमें फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब राहतगढ़ ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। पहले बल्लेबाजी करते हुए फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब राहतगढ़ ने 12 ओवरों में 127 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी झिला आर.डी.एक्स. क्रिकेट क्लब की टीम 12 ओवर में 77 रन ही बना पाई। मैच के समापन के बाद विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए गए।

## अक्षम लोगों को नियम विरुद्ध अधिकारी बनाकर भारी भ्रष्टाचार

**ग्वालियर।** सरकारी पदों पर चपरासी और वर्ग 3 और 4 के कर्मचारियों को, अधिकारियों के पद परनियम विरुद्ध नियुक्ति करके भारी भ्रष्टाचार,सरकारी विभागों में किया जा रहा है। ग्वालियर संभाग में जिम्मेदार पदों की कुर्सियां अक्षम लोगों को तैनात किया जा रहा है। सरकारी विभाग के मलाईदार पदों पर राजस्व निरीक्षक को सहायक संपत्ति कर अधिकारी बनाया जा रहा है। एक चपरासी को निरीक्षक की कुर्सी पर बैठाया गया है। यह काम सरकार के लगभग लगभग सभी विभागों में बड़े पैमाने पर हो रहा है। लोक निर्माण विभाग,नगर निगम, ग्वालियर विकास प्राधिकरण, जिला पंचायत और अन्य सरकारी विभागों में अस्थाई रूप से ऐसे दर्जनों लोगों की नियुक्ति की गई है। जो उस पद के लिए सक्षम नहीं है। जिन लोगों को इन मलाईदार पदों पर बैठाया जा रहा है। उनके माध्यम से भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जिसके कारण अब लोग खुलकर विरोध में उतरने लगे हैं। इन दिनों ग्वालियर संभाग के सरकारी कार्यालय में अस्थाई रूप से ऐसे लोगों की नियुक्ति की जा रही है।

## न्यूज कैप्सूल

### बिजली सब्सिडी का खेल...सरकारी प्रयास फेल

**भोपाल।** मप्र में 1 अप्रैल से प्रस्तावित बिजली की दरों में 7.25 प्रतिशत बढ़ोतरी की तैयारी है। प्रदेश की तीनों वितरण कंपनियों की होल्डिंग मप्र पावर मैनेजमेंट कंपनी की ओर से राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष पेश की गई टैरिफ याचिका में 58 हजार 744 करोड़ रुपए राजस्व खर्च का अनुमान व्यक्त किया गया है। तर्क दिया गया है कि यदि वितरण कंपनियों ने मौजूदा दरों पर बिजली बेची तो 4107 करोड़ रुपए का घाटा होगा। इसकी भरपाई के लिए बिजली महंगी करने का प्रस्ताव पेश किया गया है। जानकारों का कहना है कि उपभोक्ताओं पर बिजली बढ़ोत्तरी का भार बिजली सब्सिडी के कारण पड़ रहा है। दरअसल, सरकार हर साल बिजली की सब्सिडी कम करने का प्रयास करती है, लेकिन अंततः उसका भार उपभोक्ताओं पर डाल दिया जाता है।

### व्यावसायिक शिक्षा के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने केन्द्र सरकार को भेजा प्रस्ताव

**भोपाल।** प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लागू की जा रही नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रत्येक बिंदु को ठोस तरीके से लागू किये जाने के प्रयास किये जा रहे है। नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में तेजी से बढ़ती हुई विश्व की अर्थव्यवस्था में भारतीयों का किस प्रकार से योगदान हो उसकी चिंता की गई है। बढ़ती हुए आबादी के साथ जनता के लिए उनकी शिक्षा, कौशल और आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार का सृजन एक महत्वपूर्ण चुनौती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा पर जोर दे रहा है।

स्कूल शिक्षा विभाग ने नये शैक्षणिक सत्र में 700 नये उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में नये ट्रेड एवं जॉब रोल्स शुरू करने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार के शिक्षा विभाग को भेजा है। यह ट्रेड 21वीं सदी के नवीन कौशल उन्नयन पर आधारित है। वर्तमान में 2383 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के कोर्स चल रहे है। इन्हें मिलाकर प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा देने वाले स्कूलों की संख्या 3 हजार से अधिक हो जायेगी। इन कोर्स में उन्नत कृषि को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है।

### डिलेवरी ब्वॉय, मजास पार्लरों को बतानी होगी स्टाफ की कुंडली

**भोपाल।** यदि आपका घर राजधानी के नगरीय क्षेत्र में है और आप किराएदार रखे हैं तो 15 दिन के भीतर उसकी पहचान के साथ जानकारी पुलिस को उपलब्ध करा दें। अन्यथा परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही होटल, लॉज, धर्मशाला/रिसोर्ट में ठहरने वाले व्यक्तियों का व्यक्तिगत विवरण रजिस्टर में दर्ज करना होगा और उसका पहचान का रिकॉर्ड भी रखना होगा। इसको लेकर पुलिस आयुक्त भोपाल हरिनारायणचारी मिश्र ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए हैं।

आदेश के अनुसार कोई भी मकान मालिक जो अपना मकान या उसका कोई भाग किराये पर देते है, तो वह ऐसा करने के एक सप्ताह के भीतर किरायेदार अथवा पेइंगगेस्ट का विवरण निर्धारित प्रारूप में भरकर संबंधित थाने पर या मप्र पुलिस सिटिजन पोर्टल पर आवश्यक रूप से देंगे। पूर्व से रह रहे किरायेदार या नौकर का विवरण भी 15 दिवस के भीतर में देना होगा। इसके अलावा होटल, लॉज, धर्मशाला, रिसोट संचालकों को ठहरने वाले व्यक्तियों का व्यक्तिगत विवरण पूर्ण रूप से रजिस्टर में दर्ज करेंगें। इसकी जानकारी संबंधित थाने में देनी होगी।

### भोपाल में बढ़ेगा जलकर, मीटिंग में प्रस्ताव आएगा

**भोपाल।** भोपाल नगर निगम की बजट मीटिंग 25 या 26 मार्च को हो सकती है। इसमें जनता से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जा सकते हैं। संभावना है कि शहर सरकार जलकर को 10प्रतिशत तक बढ़ा सकती है। ऐसा होता है जनता को हर महीने 20 रुपए ज्यादा चुकाने पड़ेंगे। बजट मीटिंग से पहले एमआईसी (मेयर इन कौंसिल) में यह प्रस्ताव लाया जा सकता है। एमआईसी होली के बाद होगी। जिसमें जल कर, संपत्ति कर जैसे कई विषयों पर चर्चा होगी। यदि सभी एमआईसी सदस्य टैक्स बढ़ाने पर सहमत होते हैं तो परिषद में प्रस्ताव लाया जाएगा। जानकारी के अनुसार, इस बार बजट 2600 करोड़ से ज्यादा का हो सकता है।

# पशुओं को बीमारियों से बचाने को लेकर हुआ मंथन, विशेषज्ञ बोले

### बिना किसी दुष्प्रभाव के इलाज संभव

**भोपाल।** पशुओं को बीमारियों से बचाने के तरीकों को लेकर मंगलवार को भोपाल में सेमिनार हुआ। इसमें मंत्री और एक्सपर्ट शामिल हुए। एक्सपर्ट के बीच एंटीबायोटिक दवा के उपयोग-दुरुपयोग समेत कई विषयों पर मंथन किया गया। पशु चिकित्सा में वैकल्पिक उपचार पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला 11 मार्च से शुरू हो गई। यह कार्यशाला पशुपालन एवं डेयरी विभाग और मध्यप्रदेश राज्य पशु चिकित्सा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हो रही है।

कार्यशाला में बताया गया कि वर्तमान में एंटीबायोटिक दवाओं के अधिक प्रयोग से मनुष्यों और पशुओं




में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ रही है। यह एक गंभीर वैश्विक समस्या बन गई है। इस समस्या के समाधान के लिए आयुर्वेद, होम्योपैथी, पारंपरिक चिकित्सा और यूनानी जैसी वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों का प्रयोग महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इन पद्धतियों से कम खर्च में और बिना किसी दुष्प्रभाव के पशुओं का इलाज संभव है।

### तकनीकी मार्गदर्शन दिया

कार्यशाला में राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ, प्रदेश के पशु चिकित्सकों को तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया। इसमें करीब 110 प्रतिभागी मौजूद थे। कार्यशाला का एक प्रमुख उद्देश्य वैकल्पिक पशु चिकित्सा के लिए नीति निर्माण पर चर्चा करना भी है। कार्यक्रम में पशुपालन मंत्री लखन सिंह पटेल, दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट के अभय महाजन, प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव, वेटनरी काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष उमेश चंद्र शर्मा, पशुपालन विभाग के संचालक डॉ. पीएस पटेल भी मौजूद थे।

# हाईकोर्ट ने रेत खनन करने वाले ठेकेदारों को दी बड़ी राहत

### मप्र में घर बनाना होगा सस्ता

**भोपाल।** मप्र हाई कोर्ट ने मध्य प्रदेश के रेत का खनन करने वाले ठेकेदारों को राहत दी है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सुरेश कुमार कैत ने मध्य प्रदेश सरकार रेत खनन नीति के खिलाफ फैसला सुनाया है। कोर्ट के फैसले से अब इन ठेकेदारों को नीलामी के दौरान लगाई बोली का पूरा पैसा सरकार को नहीं देना होगा।

अब सरकार रेत की केवल उतनी ही रॉयल्टी ले सकेगी जितनी रेट खदान से उठाई गई है। हालांकि, फिलहाल इसका फायदा सिर्फ नर्मदापुरम के ठेकेदारों को मिला है क्योंकि इन्होंने ही कोर्ट में याचिका लगाई थी।

दरअसल, मध्य प्रदेश की खनन नीति के अनुसार सरकार रेत की खदानों की नीलामी करती है। इस नीलामी में सरकार ठेकेदार को एक निश्चित मात्रा में रेट उठाने की इजाजत देती है इसके लिए रॉयल्टी की कीमत भी तय हो जाती है। इस नीति के अनुसार रेत खनन करने वाले ठेकेदार को बोली में लगाई कीमत हर हाल में सरकार को देनी होती है। यह पैसा पहले हर 3 महीने में देना होता था बाद में इस नियम को बदलकर हर माह कर दिया गया। इस नियम के अनुसार यदि रेत खनन करने वाला ठेकेदार रेत की उतनी मात्रा नहीं उठा पाता जितने की उसने बोली लगाई थी, तो भी ठेकेदार को सरकार को पैसा देना पड़ता है। नर्मदापुरम जिले के एक रेत ठेकेदार ने 118 खदानों के लिए बोली लगाई थी और उसे लगभग 80 लाख घन मीटर खनन करने की अनुमति मिली थी।

# राजधानी में 1200 स्थानों पर होगा होलिका दहन

### 57 जगह गो-काष्ठ और लकड़ी दोनों होंगे उपलब्ध

**भोपाल।** रंगों का त्योहार होली 14 मार्च को मनाया जाएगा, इसके एक दिन पहले राजधानी भोपाल में करीब 1200 स्थानों पर होलिका दहन होगा जिसे लेकर वनविभाग और गो-काष्ठ संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण समिति ने तैयारी की है। 12 और 13 मार्च को शहर के 57 स्थानों पर गो-काष्ठ, कंडे और लकड़ी के विक्रय केन्द्र खोले जाएंगे। घर पहुंच सेवा भी उपलब्ध जो लोग स्वयं जाकर गो-काष्ठ नहीं ला सकते, उनके लिए घर पहुंच सेवा भी शुरू की गई है। हालांकि, इसके लिए अलग से ट्रांसपोर्ट शुल्क देना होगा।

पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए गो-काष्ठ संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण समिति ने शहर में 47 स्थानों पर गो-काष्ठ का इंतजाम किया है। समिति के सदस्य मम्तेश शर्मा ने बताया कि शहर में 47 स्थानों पर गो-काष्ठ विक्रय काउंटर लगाए जाएंगे। लोग 12 और 13 मार्च को इन काउंटर से 10 रुपए प्रति किलो की दर से गो-काष्ठ खरीद सकेंगे। इसे 25 और 30 किलो के कपड़े के बैगों में उपलब्ध कराया जाएगा। यह गो-काष्ठ शहर की 18 गोशालाओं से खरीदी गई है। समिति के अनुसार, गो-काष्ठ को विक्रय केंद्र तक पहुंचाने में लागत 15 रुपए प्रति किलो तक आ रही है, लेकिन इसे सिर्फ 10 रुपए प्रति किलो में दिया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग इसका उपयोग कर सकें।

### वन विभाग द्वारा लकड़ी के टाल की व्यवस्था

वन विभाग ने भी अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। डिपो इंचार्ज अभय सिंह भूरिया के अनुसार शहर के 10 प्रमुख स्थानों पर लकड़ी के विक्रय केन्द्र लगाए जाएंगे। जहां से समितियां 816 रुपए प्रति क्विंटल की दर से लकड़ी खरीद सकेंगी। लकड़ियों की उपलब्धता - अहमदपुर डिपो, बिट्टन मार्केट, पत्रकार कॉलोनी, कोलार, सर्वधर्म कॉलोनी, कोलार, गोविंदपुरा, जहांगीराबाद, बैरागढ़, मंगलवारा, मयूर विहार और इमामबाड़ा विक्रय केंद्र पर रहेगी।

### यहां गोकाष्ठ की उपलब्धता और विक्रय केंद्र

कालिका मंदिर, भदभदा रोड, श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर, भोजपुर क्लब, नर्मदा इंडस्ट्रीज, गोविंदपुरा, माता मंदिर, प्लेटिनम प्लाजा के सामने, शुभम नर्सरी, बावड़िया, राम मंदिर, हमीदिया रोड, कोतवाली रोड, मानस भवन, श्यामला हिल्स, मिलन स्वीट्स, बरखेड़ा, शुभम नर्सरी, सी-21 मॉल के सामने, मानस उद्यान, गुफा मंदिर, गिरधर स्टोर, गोमती कॉलोनी, नेहरू नगर, करोंद, मंदाकिनी ग्राउंड, कोलार, शिव मंदिर, मेहता मार्केट, सुभाष नगर, रेलवे स्टेशन, मंडीदीप, बस स्टैंड, बैरसिया, गंगेश्वर शिव मंदिर, एम्स के पीछे, साकेत नगर, महात्मा गांधी चौराहा, भेल, अफसरा टॉकीज, पिपलानी पेट्रोल पंप, अशोका गार्डन, 80 फिट रोड, मंगलवारा थाने के पास, एमपीईबी ग्राउंड, मिनाल रेजीडेंसी, जेके रोड, शुभम नर्सरी, पटेल नगर, दीप इलेक्ट्रिकल, गौतम नगर, फायर ब्रिगेड ऑफिस के पास, बैरागढ़, नगर निगम ऑफिस, गांधी नगर, एनएम मार्बल क्लासरूम के सामने, लालघाटी, 10 नंबर मार्केट, गोविंदपुरा थाने के सामने, पीपुल्स मॉल के सामने, प्रेस कॉम्पलेक्स, एमपी नगर आदि।

# शिक्षक भर्ती परीक्षा की तारीख बदली

### प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षक परीक्षा अब 15 अप्रैल से शुरू होगी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल ने माध्यमिक एवं प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा की तारीख में बदलाव किया है। पहले यह परीक्षा 20 मार्च से शुरू होनी थी, जो अब 15 अप्रैल से प्रारंभ होगी। हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश का पालन करते हुए कर्मचारी चयन मंडल ने आवेदन की तारीख भी बढ़ाई है। यही कारण है कि परीक्षा की तारीख भी बढ़ रही है।

स्कूल शिक्षा विभाग और जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षक (विषय-खेल, संगीत-गायन एवं वादन) एवं प्राथमिक शिक्षक (विषय-खेल, संगीत-गायन एवं वादन) के 10 हजार 758 पदों के लिए यह परीक्षा कराई जा रही है। इसमें माध्यमिक शिक्षक के 8659 पद हैं। इस परीक्षा के मापदंड तय करते हुए स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने निम्न आय वर्ग और संविदा कर्मचारियों का ध्यान नहीं रखा। यही कारण है कि परीक्षा की पात्रता को लेकर हाईकोर्ट में कई याचिका लगी हुई हैं। हाईकोर्ट ने याचिकाओं की सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ताओं को परीक्षा दिलाने के अंतिम आदेश दिए हैं। इस कारण परीक्षा फार्म लेने की अवधि बढ़ाना पड़ रही है। उल्लेखनीय है कि परीक्षा की तारीख में बदलाव का परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को लाभ मिलेगा। उन्हें पढ़ाई करने के लिए कुछ समय और मिल जाएगा।

### दो पालियों में कराई जाएगी परीक्षा

यह परीक्षा 15 अप्रैल से दो शिफ्ट (सुबह 9 से 11 बजे और दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक) तक आयोजित की जाएगी। इसमें 1 लाख से अधिक अभ्यर्थियों के शामिल होने की उम्मीद है।

### वेबसाइट देखते रहें अभ्यर्थी

प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल की वेबसाइट लगातार देखते रहें। ताकि कोर्ट की कार्यवाही के चलते होने वाले किसी भी तरह के बदलाव का समय पर पता चल जाए।

# आरजीपीवी में कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन



### स्थाई नियुक्ति समेत 5 मांगों को लेकर 19 दिनों से आंदोलन जारी, सद्बुद्धि यज्ञ की चेतावनी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) कर्मचारी समिति के बैनर तले कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय में हल्ला बोल आंदोलन किया। स्थाई और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने अपनी पांच प्रमुख मांगों को प्रशासन के सामने रखा। आंदोलन में अमर अहिरे, जगदीश शर्मा, संतोष सूर्यवंशी, विजय रैकवार, शाजली इजहार सहित दर्जनों कर्मचारी शामिल हुए।

कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने मांगों का विवरण दिया। इनमें दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को स्थाई करने, उनका श्रेणी परिवर्तन करने, स्थाई कर्मियों को नियमित करने, मेडिकल सुविधा का लाभ देने और सरकारी कर्मचारियों के समान अवकाश सुविधा प्रदान करने की मांगें शामिल हैं। पांडे ने कहा कि पिछले 19 दिनों से आंदोलन जारी है, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन केवल आश्वासन दे रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन मांगें नहीं मानता है, तो अगले चरण में सद्बुद्धि यज्ञ आंदोलन किया जाएगा। शासन के स्पष्ट आदेश होने के बावजूद आरजीपीवी प्रशासन मांगों को मंजूर नहीं कर रहा है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है।

### 21 जिलों में हुए ठेके 31 में शराब के ठेकों की ई-टेंडरिंग और बिड से होगी नीलामी

**मप्र में 10 प्रतिशत महंगी हो सकती है शराब**

**भोपाल।** मप्र में 21 जिलों में शराब ठेकों की 100 प्रतिशत नीलामी की जा चुकी है। 81 समूहों ने शराब के ठेके उठाए हैं। अब 31 जिलों में शराब के ठेके होना है। नीलामी की प्रक्रिया के बावजूद जबलपुर और दमोह सहित अन्य जिलों में ठेके नहीं उठ पा रहे हैं। यहां ई-टेंडरिंग और बिडिंग से नीलामी की जाएगी। वहीं प्रदेश में शराब के दाम 10 प्रतिशत बढ़ सकते हैं। वजह यह है कि राज्य सरकार ने शराब पर 10 प्रतिशत वैट (वैल्यू एडेड टैक्स) बढ़ाने का निर्णय लिया है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष में 15 हजार करोड़ रुपये का राजस्व लक्ष्य है। इसमें से 12500 करोड़ का राजस्व मिल चुका है। इस माह यह लक्ष्य भी पूरा कर लिया जाएगा। इसके मुकाबले वर्ष 2025-26 के लिए किए गए शराब ठेकों के समूहों की नीलामी से 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक मिलने की उम्मीद है।

राज्य सरकार ने शराब पर 10 प्रतिशत वैट बढ़ाने का निर्णय लिया है। उदाहरण के लिए शराब पर वैट 350 रुपये प्रूफ लीटर था, 10 प्रतिशत बढ़ोतरी करने पर यह 385 रुपये प्रूफ लीटर हो जाएगा। बता दें कि एक लीटर के बराबर एक प्रूफ लीटर होता है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए प्री-स्कूल एजुकेशन किट खरीदने की तैयारी

### खास सप्लायरों के लिए टेंडर में रखी विशेष शर्तें

**भोपाल।** सिंगरोली में आंगनबाड़ी केंद्रों में के लिए महिला बाल विकास विभाग द्वारा 5 करोड़ रुपए के चम्मच, सर्विंग चम्मच और जग खरीदने का विवाद अभी थमा भी नहीं है कि आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए प्री-स्कूल एजुकेशन किट खरीदने की तैयारी हो रही है। आरोप लगाया जा रहा है कि इसके लिए विभाग ने टेंडर में ऐसी शर्तें रखी हैं ताकि कुछ खास सप्लायर ही टेंडर के लिए पात्र हो सकें। बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करने में सहायक आंगनबाड़ी केंद्रों में एक साल के बच्चों का आना शुरू हो जाता है। इसी को देखते हुए प्री-स्कूल एजुकेशन किट तैयार किया गया है। इसके बाद सरकार की सोच है कि छह साल में जब बच्चा पहली कक्षा में दाखिले के लिए तैयार होता है। उससे पहले वह आंगनबाड़ी केंद्र में रहकर पढ़ाई के लिए तैयार हो पाएगा। उसे बेसिक जानकारी हो जाएगी।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश की तरह मप्र में भी आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री-नर्सरी स्कूलों की तरह संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए केंद्रों में प्री-स्कूल एजुकेशन किट की जरूरत है। जिसमें रंगीन चार्ट पेपर, बिल्डिंग बाक्स, मोम कलर, पेंसिल कलर, कलर चाक, स्लेट-पेंसिल, गोंद, कठपुतली, गुड़िया, शैक्षिक खिलौने, किले सहित अन्य सामग्री होती है। प्रदेश में 97,329 आंगनबाड़ी केंद्र हैं, जिनके लिए यह किट खरीदे जाने है। लेकिन खरीदी की यह प्रक्रिया विवादों में पड़ गई है। विभाग से होने वाली सालाना करोड़ों की खरीदी भोपाल, इंदौर, खण्डवा की फर्म ही करती हैं। जेम पर इन्हीं फर्मों ने अपने आइटम रेट सैट कर रखे हैं जो बाजार दर से सैकड़ों गुना हैं। मसलन एक स्टील की एक चम्मच 810 रुपए की है जो बाजार में ब्रांडेड कम्पनी की भी 40 से 50 रुपए की आती है। चारों फर्म आपस में टेंडर मैनेज कर आइटम वार करोड़ों के खेल में शामिल हैं।

### सरकार के पास पहुंची शिकायत

मप्र महिला बाल विकास द्वारा आंगनवाड़ियों में करोड़ों की सामग्री खरीदी विवादों में आ गई है। इस मामले की शिकायत सरकार के पास पहुंच गई हैं। पिछले दिनों संयुक्त आयुक्त कार्यालय द्वारा अलग-अलग टेंडर जारी किए गए हैं जिनमें 97,329 आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए, प्री स्कूल किट, रंगीन एलईडी टीवी, बर्तन और योगा मैट खरीदे जा रहे हैं। खासबात यह है कि इन टेंडर में ऐसी शर्तें अधिकारियों ने जोड़ दी है जिसके चलते केवल चार पांच सप्लायर ही इन टेंडर में भाग ले पायेंगे। प्रदेश के कुछ अन्य कारोबारियों ने शासन स्तर पर इस मामले शिकायत की हैं। प्रदेश के आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों की उपस्थिति और वहां संरचना किसी से छिपी नही है लेकिन विभाग योगासन के लिए करोड़ों की कार्पेट/मैट खरीदने जा रहा है। कमिश्नर महिला बाल विकास विभाग सूफिया फारुखी का कहना है कि टेंडर जेम की गाइडलाइन के मुताबिक होते हैं। स्टार्टअप का क्लॉज तो हमेशा होता है। फिर भी किसी खास ठेकेदार को फायदा दिलवाने की बात है तो आप नाम बताइये, मैं इसे दिखवाती हूं।

### 810 की एक चम्मच, 1247 का जग

गौरतलब है कि महिला एवं बाल विकास विभाग में भ्रष्टाचार को आम बात नहीं हैं। विभाग सिंगरौली के आंगनबाड़ियों के लिए एक चम्मच 810 रुपये में और एक जग 1247 रुपये का खरीद कर विवादों में आ चुका है। सिंगरौली जिले में विभाग ने आंगनबाड़ी के लिए जो बर्तन खरीदे थे उसमें बड़ा घोटाला हुआ था। एक स्टील की चम्मच 810, पलटा/कड़छी 1348 और जग 1248 रुपए में जेम पोर्टल से खरीदा गया है। करीब पांच करोड़ की राशि से सिंगरोली में 1500 आंगनवाड़ी के लिए यह सामग्री खरीदी गई है। इन बर्तनों का टेंडर जय माता दी कॉरपोरेशन को दिया गया। टेंडर गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस के जरिए दिया गया। जब 50 साल से बर्तन की दुकान चला रहे एक दुकानदार से चम्मच की कीमत पूछी गई, तो उन्होंने भी एक चम्मच की कीमत 5 से लेकर 50 रुपये तक बताई। दुकानदार ने 810 के चम्मच को लेकर कहा कि आज तक इतना महंगा चम्मच तो नहीं देखा और न ही हमने बेचा है। आयुक्त कार्यालय ने इस घोटाले की जांच कर दोषी अधिकारी को दंडित करने की जगह पूरे प्रदेश में उसी व्यवस्था से करीब 78 हजार आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए करोड़ों की खरीदी प्रक्रिया शुरू कर दी। जेम पोर्टल के जरिये खरीदी जा रही है।

# मीणा समाज मनाएगा भगवान मत्स्य जन्मोत्सव

### 31 मार्च से 15 अप्रैल तक भोपाल समेत 26 जिलों में होंगे कार्यक्रम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश मीणा समाज सेवा संगठन भगवान श्री हरि विष्णु के प्रथम अवतार मत्स्य जयंती का आयोजन पखवाड़े के रूप में करने जा रहा है। यह कार्यक्रम मूल रूप से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 1 अप्रैल को मनाया जाता है। प्रदेश भर के लाखों समाज जनों की भागीदारी को देखते हुए इस बार कार्यक्रम को पखवाड़े के रूप में प्रदेश के लगभग 26 जिलों में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास रावत तथा जय मीनेश कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष लालाराम मीणा विशेष रूप से शामिल होंगे।



कार्यक्रम की शुरुआत 31 मार्च को भोपाल से होगी। इसके बाद 1 अप्रैल को इंदौर, 2 अप्रैल को रायसेन, 3 अप्रैल को राजगढ़, 6 अप्रैल को नर्मदापुरम और 13 अप्रैल को बीना गंज गुना में कार्यक्रम आयोजित होंगे। अन्य जिलों के कार्यक्रमों की घोषणा जल्द की जाएगी। जिन जिलों के कार्यक्रम अभी तय नहीं हुए हैं, वहां के अध्यक्ष और पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष या वरिष्ठ पदाधिकारियों से चर्चा कर अपने क्षेत्र के लिए तिथि निर्धारित कर सकते हैं। हालांकि उन्हें पहले से तय की गई तिथियों को छोड़कर ही कार्यक्रम की तिथि चुननी होगी।

### कर निरीक्षक पर हमला, कर्मचारियों में रोष

**भोपाल।** मध्य प्रदेश वाणिज्यिक कर विभाग के सागर संभाग में पदस्थ निरीक्षक प्रसन्न जैन के साथ व्यवसायी एवं उनके मुनीम द्वारा की गई मारपीट एवं जान से मारने की धमकी के मामले में अब तक मुख्य आरोपी विकास आडवाणी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। हाल ही इस मामले में प्रशांत सेन की गिरफ्तारी हुई थी, लेकिन मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों में नाराजगी बनी हुई है।

संपादकीय

# राज ठाकरे के गंगा जल वाले बयान पर सभी खामोश क्यों

**महाराष्ट्र** | नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे, जो हिंदू हृदय सम्राट बाला साहब ठाकरे के भतीजे हैं, उन्होंने एक विवादित बयान देकर देशभर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। राज ठाकरे की पार्टी के एक नेता बाला नंद गांवकर महाकुंभ में गंगा स्नान करने के लिए गए थे। उन्होंने संगम तट पर डुबकी लगाई। वहां से गंगाजल लेकर वह वापस लौटे थे। पुणे में आयोजित पार्टी के स्थापना दिवस पर उन्होंने राज ठाकरे को गंगाजल सौंपते हुए कहा, यह गंगा का पवित्र जल है। इस पर राज ठाकरे ने सार्वजनिक रूप से बयान देते हुए कहा, वह इस गंदे पानी को छू भी नहीं सकते हैं। गंगाजल पीने की बात तो बहुत दूर की है। राज ठाकरे ने कहा संगम तट पर करोड़ों लोगों ने स्नान किया है। वहां का पानी कैसे साफ रह सकता है। उन्होंने कोरोना महामारी की याद दिलाते हुए कहा, लोग अपने पापों का प्रायश्चित करने के लिए प्रयागराज गंगा में स्नान करने के लिए गए थे। क्या गंगा में डुबकी लगाने से वह अपने पापों से मुक्त हो सकते हैं। करोड़ों लोगों ने जिस तरह से गंगा में स्नान किया है। जिस तरह संगम तट पर शरीर को मलमल कर नहाया है। इसके बाद वहां का पानी कैसे साफ रह सकता है। उन्होंने गंगा की सफाई से मामले को जोड़ते हुए कहा, जब केंद्रीय एजेंसी कह रही है, गंगा का पानी बहुत दुषित हो चुका है, तब मैं इस पानी पर कैसे विश्वास कर लूं। कौन इस गंदे पानी का आचमन करेगा।

राज ठाकरे यहीं नहीं रुके। उन्होंने यह भी कह दिया, हमारे देश की कोई भी नदी साफ नहीं है। हम नदियों को मां का दर्जा देते हैं, लेकिन हम नदियों में जाकर कपड़े धोते हैं, स्नान करते हैं और नदियों में गंदगी बहाते हैं। ऐसे में कोई भी नदी साफ रह ही नहीं सकती है। उन्होंने यह कहकर हिंदू आस्था का मजाक उड़ाया। हम हिंदू नदियों को मां का दर्जा देते हैं। और उन्हीं में सबसे ज्यादा गंदगी फैलाते हैं। विदेश की नदियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा विदेशी लोग नदी को अपनी माता नहीं मानते हैं, लेकिन वो नदियों की साफ-सफाई पर पूरा ध्यान रखते हैं। वहां की सारी नदियां सुरक्षित हैं, उनका पानी भी बिल्कुल शुद्ध है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, राजीव गांधी के जमाने से गंगा साफ होगी, यह सुनते हुए आ रहे हैं। फिल्म कलाकार राज कपूर ने गंगा की सफाई पर एक फिल्म भी बनाई थी। राम तेरी गंगा मैली हो गई। यह भी कई दशकों से सुनते आ रहे हैं। उसके बाद भी गंगा साफ नहीं हो पाई है। उन्होंने यह भी कहा, उन्होंने कोई पाप नहीं किया है। इसलिए वह गंगा में पाप धोने के लिए भी नहीं गए। जो लोग पाप करते हैं, वही गंगा में डुबकी लगाने जाते हैं। इस तरह का बयान यदि राज ठाकरे के अलावा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा दिया गया होता तो सारे देश में हिंदू आस्था को लेकर बड़ा बवाल मचना तय था। राज ठाकरे जो ना तो किसी विधानसभा के सदस्य हैं, ना संसद सदस्य रहे हैं। महाराष्ट्र में उन्हें बालासाहेब ठाकरे के बाद सबसे तेज तर्रार नेता के रूप में जाना जाता है। वह बिना किसी डर और भय के अपनी बात कहने के लिए जाने जाते हैं। गंगा नदी और हिंदू आस्था का यह अपमान महाराष्ट्र के अंदर राज ठाकरे द्वारा किया गया है। इसके बाद भी देश भर में इस बयान को लेकर जिस तरह से भाजपा और संघ ने चुप्पी साध रखी है, वह सभी को आश्चर्यचकित कर रही है। राज ठाकरे ने कहीं से भी हिंदू धार्मिक आस्थाओं का ध्यान नहीं रखा। उल्टे उन्होंने गंगा स्नान करने वालों को पापी बता दिया। केंद्रीय पॉल्यूशन बोर्ड की महाकुंभ के दौरान जो जाँच रिपोर्ट आई है, उसमें संगम तट के पानी को सबसे प्रदूषित पानी बताया गया था। उसमें मल-मूत्र होना भी पाया गया था। राज ठाकरे ने कहा ऐसे पानी को वह छू भी नहीं सकते हैं। नहाने की बात तो बहुत दूर की बात है। राज ठाकरे के इतने आपत्तिजनक बयान के बाद भी महाराष्ट्र और देश के हिंदुओं में किसी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं होना, सबको आश्चर्यचकित कर रहा है। जो सच है, सार्वजनिक रूप से बोलने में राज ठाकरे ने कोई कोताही नहीं बरती। राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना कट्टरवादी हिंदू पार्टी है। बावरी मस्जिद के विध्वंस की जिम्मेदारी भी शिव सैनिकों ने ली थी। उन्हीं राज ठाकरे ने गंगा मैया में डुबकी लगाने से सभी पापों का नाश होता है, उसका मजाक उड़ाया है। गंगा के पवित्र जल से सभी हिंदू आस्था के साथ हवन पूजन इत्यादि के कार्यक्रम शुरू होते हैं। गंगाजल से भगवान का अभिषेक होता है। उस गंगाजल के बारे में राज ठाकरे की यह प्रतिक्रिया निश्चित रूप से हिंदू आस्था पर ठेस पहुंचाने वाली है। बात-बात में हिंदू आस्था की बात करने वाले संघ, उसके सहयोगी संगठन, भारतीय जनता पार्टी, विश्व हिंदू परिषद का मौन समझ से परे है। यह भी ऐसे अवसर पर जब उत्तर प्रदेश सरकार का दावा है, प्रयागराज तट पर 66 करोड लोगों से ज्यादा श्रद्धालुओं ने संगम तट पर स्नान किया है। राज ठाकरे ने कहा है, जब इतने बड़े पैमाने पर वहां पर लोग एकत्रित हुए। करोड़ों लोगों ने संगम तट और गंगा में डुबकी लगाई है। ऐसी स्थिति में गंगा का पानी साफ हो ही नहीं सकता है। अब देखना यह है, कि राज ठाकरे के इस बयान पर भगवाधारी साधु-सन्यासी, विश्व हिंदू परिषद और संघ किस तरह से अपनी प्रतिक्रिया देता है। लोकसभा एवं महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में राज ठाकरे ने भाजपा की मदद की थी। वह स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बाजू की कुर्सी पर बैठे हुए नजर आए थे। उसके बाद भी उन्होंने नदियों का उल्लेख करते हुए हिंदू श्रद्धालुओं की भावनाओं को भड़काने का काम किया है। राज ठाकरे एक ऐसे नेता हैं, जो अपनी बात बिना किसी डर, दवाव या भय के कहते हैं। भाजपा चाहकर भी उनके इस बयान पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे पा रही है। इससे भाजपा और संघ की मजबूरी को समझा जा सकता है।

– सनत जैन

राज काज

## जबरिया धर्म परिवर्तन पर फांसी

जबरिया धर्म परिवर्तन की परिभाषा क्या होगी। यह पुलिस और सरकार तय करेगी। मध्य प्रदेश सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर घोषणा की है। जबरिया धर्म परिवर्तन करने वालों को फांसी की सजा दी जाएगी। मासूम बेटियों के साथ किसी को अत्याचार करने की अनुमति नहीं होगी। मध्य प्रदेश सरकार जल्द ही कानून बनाने जा रही है। जिसमें जबरिया धर्म परिवर्तन कराने वाले आरोपियों को सीधे ऊपर भेजा जाएगा। मध्य प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। जबरिया धर्म परिवर्तन कराने का आरोप किस पर लगता है, यह सबको पता है। लोग तो अब यह भी कहने लगे हैं। सबसे बड़ा धर्म परिवर्तन संघ ओर उसके अनुवांशिक संगठन करा रहे हैं। आदिवासियों को जबरिया हिंदू बनाया जा रहा है। आदिवासी क्षेत्रों में एक नया विवाद खड़ा हो रहा है। आदिवासी कह रहे हैं कि हमारा धर्म अलग है। हमारे देवता अलग हैं। संघ का रहा है, सभी हिंदू हैं, सभी के भगवान राम हैं। आदिवासियों को हिंदू बनाने का काम देश में बड़े पैमाने पर हो रहा है।

## भाजपा नेता कांग्रेसी बनकर गुजरात में कांग्रेस को हरा रहे हैं

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है, गुजरात कांग्रेस में कई ऐसे नेता हैं। जो परदे के पीछे से भाजपा का काम करते हैं। कांग्रेस की टिकट पर चुनाव जीतकर नेता कांग्रेस छोड़कर भाजपा की शरण में चले जाते हैं। अब ऐसे नेताओं को कांग्रेस बाहर करेगी। अहमद पटेल के समय से यह खेल बड़े पैमाने पर शुरू हुआ था। कई बड़े-बड़े नेता आए और चले गए। धीरे-धीरे कांग्रेस संगठन में नीचे तक भाजपा की पहुंच हो गई। अब राहुल गांधी किस तरह से कांग्रेस में सफाई करेंगे। सफल होंगे या असफल होंगे। कहना मुश्किल है। सरकार तो अभी भी गुजरात में भाजपा और नरेंद्र मोदी की है। गुजरात के नेता व्यापारी होते हैं। वह राजनीति को भी व्यापार की तरह करते हैं। राहुल गांधी दूध से पानी को कैसे अलग करेंगे, यह तो राहुल गांधी ही जाने।

# हारे का सहारा हैं खाटू के श्री श्याम


रमेश सर्राफ धमोरा




राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम मंदिर बाबा श्याम जी के लिए प्रसिद्ध है। यह मंदिर भारत के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में गिना जाता है। खाटू श्याम जी को भगवान श्रीकृष्ण का कलयुगी अवतार माना जाता है। दानशीलता के कारण बर्बरीक ने बिना किसी सवाल के अपना शीश भगवान श्री कृष्ण को दान दे दिया। इसी दानशीलता के कारण श्री कृष्ण ने कहा कि तुम कलयुग में मेरे नाम से पूजे जाओगे। तुम कलयुग का अवतार कहलाओगे और हारे का सहारा बनोगे। इसलिए उन्हें हारे का सहारा भी कहा जाता है। खाटू श्याम जी के मंदिर में दर्शन के लिए हर दिन लाखों भक्त आते हैं। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला भरता है। जिसमें देश-विदेशों से आये करीबन 30 लाख श्रद्धालु शामिल होते हैं। खाटू श्याम का मेला राजस्थान के बड़े मेलों में से एक है।

इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते है। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन वाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गई। कहते हैं कि मन्दिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी। श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरम्भ होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम से जाने जाते थे तथा भीम के पुत्र घटोत्कच और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान योद्धा थे। उन्होने युद्ध कला अपनी मां से सीखी। भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया और उनसे तीन अभेध्य बाण प्राप्त कर तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुये। अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किया जो उन्हें तीनो लोकों में विजयी बनाने में समर्थ थे। कौरवों और पाण्डवों के मध्य महाभारत युद्ध का समाचार बर्बरीक को प्राप्त हआ तो उनकी भी युद्ध में सम्मिलित होने की इच्छा जागृत हुयी। जब वे अपनी मां से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे तब मां को हारे हुये पक्ष का साथ देने का वचन दिया। महाभारत के युद्ध में भाग लेने के लिये वे अपने नीले रंग के घोडे पर सवार होकर धनुष व तीन बाणों के साथ कुरुक्षेत्र की रणभूमि की और अग्रसर हुये।

भगवान कृष्ण ने ब्राह्मण वेश धारण कर बर्बरीक से परिचित होने के लिये उसे रोका और यह जानकर उनकी हंसी भी उड़ायी कि वह मात्र तीन बाण से युद्ध में सम्मिलित होने आया है। ऐसा सुनने पर बर्बरीक ने उत्तर दिया कि मात्र एक बाण शत्रु सेना को ध्वस्त करने के लिये पर्याप्त है और ऐसा करने के बाद बाण वापिस तरकस में ही आयेगा। यदि उन्होने तीनो बाणों को प्रयोग में ले लिया गया तो तीनो लोकों में हाहाकार मच जायेगा। इस पर कृष्ण ने उन्हें चुनौती दी की इस पीपल के पेड के सभी पत्रों को छेद कर दिखलाओ। जिसके नीचे दोनो खड़े थे। बर्बरीक ने चुनौती स्वीकार की और अपने तुणीर से एक बाण निकाला और ईश्वर को स्मरण कर बाण पेड़ के पत्तो की और चलाया। तीर ने क्षण भर में पेड के सभी पत्तों को भेद दिया और कृष्ण के पैर के इर्द-गिर्द चक्कर लगाने लगा। क्योंकि एक पत्ता उन्होनें अपने पैर के नीचे छुपा लिया था। तब बर्बरीक ने कृष्ण से कहा कि आप अपने पैर को हटा लीजिये वर्ना ये आपके पैर को चोट पहुंचा देगा। कृष्ण ने बालक बर्बरीक से पूछा कि वह युद्ध में किस और से सम्मिलित होगा तो बर्बरीक ने अपनी मां को दिये वचन दोहराते हुये कहा कि वह युद्ध में निर्बल और हार की और अग्रसर पक्ष की तरफ से भाग लेगा। कृष्ण जानते थे कि युद्ध में हार तो कौरवों की ही निश्चित है। अगर बर्बरीक ने उनका साथ दिया तो परिणाम उनके पक्ष में ही होगा। ब्राह्मण बने कृष्ण ने बालक बर्बरीक से दान की अभिलाषा व्यक्त की। इस पर वीर बर्बरीक ने उन्हें वचन दिया कि अगर वो उनकी अभिलाषा पूर्ण करने में समर्थ होगा तो अवश्य करेगा। कृष्ण ने उनसे शीश का दान मांगा। बालक बर्बरीक क्षण भर के लिये चकरा गया परन्तु उसने अपने वचन की दृढ़ता जतायी। बालक बर्बरीक ने ब्राह्मण से अपने वास्तिवक रूप में आने की प्रार्थना की और कृष्ण के बारे में सुन कर बालक ने उनके विराट रूप के दर्शन की अभिलाषा व्यक्त की। तब कृष्ण ने उन्हें अपना विराट रूप दिखाया। उन्होने बर्बरीक को समझाया कि युद्ध आरम्भ होने से पहले युद्धभूमि की पूजा के लिये एक वीर क्षत्रिय के शीश के दान की आवश्यक्ता होती है। उन्होनें बर्बरीक को युद्ध में सबसे बड़े वीर की उपाधि से अलंकृत कर उनका शीश दान में मांगा। बर्बरीक ने उनसे प्रार्थना की कि वह अंत तक युद्ध देखना चाहता है। श्री कृष्ण ने उनकी यह बात स्वीकार कर ली।

# हिंदू त्यौहार और साम्प्रदायिक राष्ट्रवादी राजनीति


राम पुनियानी

संघ परिवार का हिंदू राष्ट्र का एजेंडा तरह-तरह के नैरेटिव्स को अलग-अलग तरह से बुनने और उन्हें अलग-अलग मंचों से प्रस्तुत करने पर आधारित है। संघ परिवार के लिए धार्मिक त्यौहार अपने एजेंडा को आगे बढ़ाने के अवसर होते हैं। वह देवी-देवताओं का इस्तेमाल भी अपने लिए लाभकारी सामाजिक-राजनैतिक सन्देश देने के लिए करता है। हाल में समाप्त हुआ कुंभ मेला धार्मिक आयोजन की जगह राष्ट्रीय समारोह बन गया।

इस बार के कुंभ में एक नई बात यह थी कि संस्कृति एवं विकास के वाहक के रूप में कुम्भ की जबरदस्त मार्केटिंग की गयी। इस आयोजन को हिन्दू धर्म का दुनिया का सबसे बड़े आयोजन बताया गया। इतने बड़े आयोजन में श्रद्धालुओं के रहने, साफ-सफाई और परिवहन का इंतजाम करना तो सरकार की जिम्मेदारी होती है। लेकिन इस बार देखा गया कि सरकार इस आयोजन का मानों हिस्सा बन गयी। सत्ताधारी दल से जुड़े संगठनों जैसे विश्व हिंदू परिषद, धर्मसंसद और व्यक्तिगत तौर पर साधु-संतों आदि ने इस मेले का इस्तेमाल हिंदू राष्ट्रवादी एजेंडे के विभिन्न हिस्सों के प्रचार-प्रसार और मुसलमानों के प्रति नफरत फैलाने के लिए किया।

जहां धार्मिक लोगों की दृष्टि में इस आयोजन की धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्ता बहुत अधिक है, वहीं इस बार इसे राजनैतिक रंग दे दिया गया। कुम्भ पहली बार नहीं हुआ है। मगर इस बार यह हिंदुत्व एजेंडे को आगे बढ़ाने का अवसर बन गया। राज्य सरकार, जो भीड़ का ठीक से प्रबंधंन नहीं कर सकी, काफी समय से भक्तों को बड़ी से बड़ी संख्या में कुंभ में आने के लिए निमंत्रित करने में जुटी हुई थी। इस निमंत्रण को जन-जन तक पहुंचाने में करोड़ों रूपये खर्च हुए होंगे। इस आयोजन में मुस्लिम व्यापारियों का बहिष्कार किया गया और उन्हें दुकानें आदि नहीं लगाने दी गईं। इसकी कई वजहें बताई गईं जिनमें से एक स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा फैलाया गया यह झूठ था कि मुसलमान खाद्य सामग्री पर थूकते हैं इसलिए उन्हें दूर रखा गया। ऐसे कई झूठे वीडियो सोशल मीडिया पर चल रहे थे। इसके ठीक विपरीत, मुसलमानों ने भगदड़ पीड़ितों के लिए मस्जिदों के दरवाजे खोल दिए और उनके खाने-पीने का इंतजाम किया। यहां यह जिक्र करना प्रासंगिक होगा कि मुगल शासकों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कुम्भ क्षेत्र में कई घाटों और शौचालयों का निर्माण करवाया गया था। इतिहासकार हेरम्भ चतुर्वेदी के अनुसार अकबर ने कुंभ की व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए दो अधिकारियों को नियुक्त किया था। पूरे मेला क्षेत्र में नरेन्द्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के होर्डिंग बड़ी संख्या में लगे हुए थे। काफी बड़ा इलाका मेले में आने वाले वीआईपी व्यक्तियों के लिए आरक्षित था, जिसकी वजह से कई बार भगदड़ के हालात बने जिनमें बहुत से लोग मारे गए। परिवहन व्यवस्था अच्छी और पर्याप्त नहीं थी। नई दिल्ली रेल्वे स्टेशन पर मची भगदड़, जिसमें कई लोग मारे गए, से यह साफ़ है है। अभी-अभी मशहूर हुए एक बाबा धीरेन्द्र शास्त्री, जिन्हें नरेन्द्र मोदी अपना छोटा भाई कहते हैं, ने प्रसन्न भाव से कहा कि जो लोग भगदड़ में मारे गए उन्हें मोक्ष मिलेगा। गंगा के पानी की गुणवत्ता बहुत ही नीचे स्तर तक गिर गई। नदी में ई-कोलाई और मल-मूत्र घुला हुआ था।

सुविचार

फल की अभिलाषा छोड़कर कर्म करनेवाला मनुष्य ही मोक्ष प्राप्त करता है। – गीता

धर्म करते हुए मर जाना अच्छा है पर पाप करते हुए विजय प्राप्त करना अच्छा नहीं। – महाभारत

प्रसंग

## जनकल्याण की राह

एक बार अयोध्या के राजा रघु के दरबार में इस प्रश्न पर बहस चल ए रही थी कि राजकोष का उपयोग किन प्रयोजनों के लिए किया जाए? एक पक्ष का मत था कि सैन्य शक्ति बढ़ाई जाए ताकि न केवल अपनी सुरक्षा हो बल्कि राज्य के विस्तार की योजना भी आगे बढ़े। इस अभियान पर जो खर्च होगा उसकी भरपाई पराजित देशों से मिलने वाले संसाधनों से की जा सकेगी। दूसरे पक्ष का कहना था कि राजकोष प्रजा जन के हित में खर्च किया जाए ताकि उनका जीवन स्तर बढ़ सके। अगर सुखी, संतुष्ट, साहसी और सहृदय नागरिक हों तो देश समृद्ध होता है। इस प्रकार युद्ध करके नए क्षेत्र जीतने की अपेक्षा मैत्री का विस्तार कहीं अधिक लाभदायक है। उससे स्वेच्छया सहयोग और अपनत्व की ऐसी उपलब्धियां प्राप्त होती हैं, जिनके कारण छोटा देश भी चक्रवर्ती स्तर का बन सकता है। दोनों पक्षों के तर्क चलते रहे। सबके मन में उत्सुकता थी कि आखिर राजा रघु क्या निर्णय देते हैं। जब सबने अपनी बात समाप्त की तब उन्होंने कहा, युद्ध पीढ़ियों से लड़े जाते रहे हैं। उनके कड़वे - मीठे परिणाम भी स्मृति पटल पर अंकित हैं। लेकिन इस बार युद्ध छोड़ दिया जाए और लोकमंगल को अपनाया जाए। देखते हैं क्या होता है। समस्त संपत्ति जनकल्याण की योजनाओं पर खर्च कर दी जाए। कुछ सभासद दबे-छुपे इस निर्णय की आलोचना करने लगे। उन्हें अनिष्ट की आशंका सताने लगी। उधर रघु के निर्णय के मुताबिक विकास योजनाएं तेज कर दी गईं। धीरे-धीरे प्रजाजन हर दृष्टि से समुन्नत हो गए। आक्रमण की चर्चाएं समाप्त हो गईं। सुख-शांति के समाचार पाकर अन्य देशों के समर्थ लोग वहां आकर बसने लगे।

जरा हटके

## मात्र 250 रुपये की पेंटिंग से चमकी महिला की किस्मत



**फ्लोरिडा (ईएमएस)।** ओहियो के ऑकवुड में रहने वाली 27 वर्षीय मरीसा एल्क्रॉन अपने मंगेतर एरॉन हेली के साथ घर लौट रही थीं, तभी अचानक उन्होंने एक चैरिटी शॉप पर जाने का फैसला किया। शॉप में कई नई चीजें आई थीं, जिन्हें देखकर मरीसा को कुछ पेंटिंग्स पसंद आईं।

इनमें से एक पेंटिंग उन्हें खासतौर पर आकर्षक लगी, जिसे उन्होंने महज 2.9 डॉलर (करीब 253 रुपये) में खरीद लिया। पेंटिंग खरीदने के बाद जब वह कार में बैठ रही थीं, तभी उनकी नजर कोने में लिखे कलाकार के नाम पर पड़ी–जोहान बर्थेलसन। मरीसा ने पहले तो सोचा कि यह कोई स्थानीय चित्रकार होंगे, लेकिन जब उन्होंने गूगल पर इस नाम को खोजा, तो पता चला कि जोहान बर्थेलसन एक प्रसिद्ध चित्रकार थे, जिनकी कलाकृतियों की कीमत लाखों रुपये में होती है। बर्थेलसन की पेंटिंग्स की कीमत डेढ़ लाख से लेकर 31 लाख रुपये तक आंकी गई है। इससे उत्साहित होकर मरीसा ने पेंटिंग की प्रमाणिकता की जांच करने के लिए कला विशेषज्ञों की तलाश शुरू की। फेसबुक के एक कला समूह में जब उन्होंने यह पेंटिंग साझा की, तो उसे काफी सराहना मिली। इसके बाद उन्होंने सिनसिनाटी स्थित काजा साइकेस आर्ट गैलरी से संपर्क किया, जहां विशेषज्ञों ने इसकी कीमत डेढ़ लाख से ढाई लाख रुपये के बीच आंकी। मरीसा अब इस पेंटिंग को नीलाम कराने की योजना बना रही हैं, जिससे उन्हें लगभग 2 लाख रुपये मिलने की उम्मीद है। इस रकम को वह अपनी आगामी शादी के खर्च में इस्तेमाल करेंगी। उनकी इस अनोखी कहानी ने सोशल मीडिया पर भी खूब सुर्खियां बटोरीं और इंस्टाग्राम पर उनके पोस्ट को 27 हजार से ज्यादा व्यूज़ मिले।

फोटो ऑफ द डे


अर्जेंटीना में आई बाढ़ के बाद राजधानी ब्यूनस आयर्स में क्षतिग्रस्त पड़ी हुई एक कार नजर आ रही। (फोटो-ईएमएस)

व्यंग्य

# किस्सा टैक्स का

–महेशचंद्र द्विवेदी

टैक्स लगाना ओर टैक्स बचाना दोनों बड़े तिकड़म के हुनर हैं। महँगाई और टैक्स दो जुड़वाँ बहिनें हैं जो दोनों ही वित्तमंत्री के इशारे पर नाचती हैं - वित्तमंत्री चाहें तो इन्हें हौले-हौले ओडिसी-सा नचाए और चाहे तो कथक के तराने की तत्कार पर नचाए। ये इस नाच से हुई आमदनी से सरकारी ख़ज़ाने को भरती हैं। ये दोनों ही भरपूर जवानी में इंसान की कमर तोड़ देने की कुव्वत रखती हैं, इसीलिए इनकी मार सहे कुछ दिलजलों ने इन्हें सरकार द्वारा कानूनी लूट का नाम दिया है। इस रिश्ते से वित्त मंत्री को सरकारी लुटेरा कहना उनके साथ कोई बड़ी बेइंसाफ़ी नहीं होगी।

इस लूट की मार अवाम सहता जाए और आह भी न भरे, इसलिए नए-नए टैक्स लगाते वक्त अक्सर वित्त मंत्री चील जैसी चालाकी, जेबकतरे जैसी सफ़ाई और बेवफ़ा पतुरिया जैसी बेरुखी से काम लेते हैं। हालाँकि इस लूट की ज़िम्मेदारी वित्त मंत्री के सिर थोपी जाती है लेकिन सच यह है कि उसकी नकेल राजा (आजकल काबीना) के हाथ रहती है और वित्त मंत्री उनकी इच्छा के अनुसार अजीबोग़रीब क़िस्म के टैक्स लगाते रहते हैं, कुछ लाजवाब नमूने पेश करने से बात और साफ़ हो जाएगी। अमेरिका की टेक्सस रियासत में स्ट्रिप-क्लब (कपड़े-उतार-नाच के क्लब) बड़े लोकप्रिय हैं। इस साल से वहाँ हर ग्राहक पर पाँच डॉलर का टैक्स यह बताकर लगाया गया है कि इससे होने वाली आमद को बलात्कार की शिकार औरतों की मदद के लिए खर्च किया जाएगा। मुझे सरकार द्वारा बताई गई इस वजह में बड़ी दम लगती है और इसकी जानकारी होने के बाद मेरी निगाह में टेक्सस की सरकार की इज़्ज़त बहुत बढ़ गई है। साफ़ है कि जब कपड़े-उतार-नाच ज़्यादा लोग देखेंगे तो बलात्कार के केस ज़्यादा होंगे ही और फिर ज़्यादा औरतों को मदद की ज़रूरत भी पड़ेगी।

इसके विपरीत शिकागो में लगाए गए इस टैक्स की वजह मैं आज तक नहीं समझ पाया हूँ कि सोडा को जार से सीधे गिलास में डलकर खरीदिए तो 9 फ़ीसदी टैक्स भरिए और बोतल में ख़रीदिए तो सिर्फ़ 4 फ़ीसदी टैक्स दीजिए। बस एक बात मेरी हिंदुस्तानी समझ में ज़रूर आ रही है कि हो न हो बोतल बनाने वाली कंपनियों ने शिकागो की सरकार को खुश कर दिया होगा और उनकी बोतलों की बिक्री बढ़ाने के लिए सरकार ने बोतल वाले सोडा पर कम टैक्स लगाया होगा। गुज़रे ज़माने में लगाए गए टैक्स आजकल के टैक्सों से कम अजूबा नहीं होते थे।

अठारहवीं सदी में इंग्लैंड में मरदों द्वारा विग पहनने का बड़ा रिवाज़ था, इसलिए वहाँ के राजा विलियम पीटर ने विग पाउडर पर टैक्स लगा दिया था। नतीजा यह हुआ कि उन्नीसवीं सदी के आते-आते बेचारे मर्दों ने जनानियों को लुभाने का अपना यह शौक ही छोड़ दिया। रूस के पीटर्यकुम ने घर में खिड़कियों की तादाद पर टैक्स लगा दिया था- मुझे लगता है कि खिड़की से आने वाली ठंडी हवा से उसे गठिया का दर्द सताता होगा। पुराने ज़माने में चीन में चाऊ राज्य में किसानों को उतना ज़्यादा टैक्स देना पड़ता था जितनी दूरी से वह अपनी फसल बेचने लाता था- यानी कि बेचारे दूर दराज़ के देहातियों पर दोहरी मार पड़ती थी।

चिंतन-मनन

# इसलिए रह जाती है पूर्व जन्म की स्मृतियां

माना जाता है कि संसार में हम जो भी काम करते अथवा बोलते हैं वह एक उर्जा के रूप में प्रकृति में वर्तमान रहती है। उर्जा के विषय में विज्ञान कहता है कि उर्जा कभी नष्ट नहीं होती है। इसका स्वरूप बदलता रहता है। हमारी आत्मा भी उर्जा का ही स्रोत है इसलिए कभी मनुष्य शरीर में रहती है तो कभी पशु, कीट की योनी में जाकर रहती है।

लेकिन अपनी आत्मा को हम किस रूप में स्थान देना चाहते हैं यह हमारे अपने हाथ में है। जिस प्रकार उर्जा को कर्म के अनुसार रूपांतरित किया जा सकता है ठीक उसी प्रकार कर्म के अनुसार आत्मा को भी रूप दिया जा सकता है। पुराणों में बताया गया है कि आत्मा का वही रूप होता है जैसे शरीर में वह विराजमान होता है। वर्तमान जन्म में हम जो अच्छे या बुरे कर्म करते हैं उसके अनुरूप आत्मा दूसरा शरीर ग्रहण करती है।

आत्मा अपने साथ पूर्व जन्म की स्मृति और आकांक्षाओं को भी साथ में लेकर दूसरे शरीर में प्रवेश करती है। शरीर बदलने के बाद भी आत्मा पुराने शरीर की स्मृतियों को नहीं भूलती है। इस तथ्य को परामनोवैज्ञानिक भी स्वीकार करते हैं। मरने के समय जिनकी आत्मा अतृप्त रहती है और पूर्व जन्म कार्यों को पूरा करने के लिए छटपटाती रहती है। ऐसे लोगों को अपने पूर्व जन्म की कई बातों की स्मृति रहती है।

रोचक

# शरीर की ऊर्जा क्षमता को बढ़ाता है ब्राउन फैट

**न्यूयॉर्क (ईएमएस)।** अमेरिकी शोधकर्ताओं का कहना है कि बढती उम्र में शरीर की ऊर्जा क्षमता को ब्राउन फैट न केवल बढ़ाता है, बल्कि दीर्घायु होने में भी सहायक हो सकता है। उम्र बढ़ने के साथ शारीरिक रूप से फिट रहने की चुनौती से जूझ रहे लोगों के लिए एक नई खोज उम्मीद जगा सकती है।

यह अध्ययन रटगर्स यूनिवर्सिटी के न्यू जर्सी मेडिकल स्कूल की टीम द्वारा किया गया, जिसमें ब्राउन फैट की भूमिका और इसकी संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया। अध्ययन में यह पाया गया कि एक विशेष जीन की कमी वाले चूहों ने ब्राउन फैट का अत्यधिक सक्रिय रूप विकसित किया, जिससे उनकी जीवन प्रत्याशा में वृद्धि हुई और उनकी कार्य क्षमता में लगभग 30 प्रतिशत का सुधार हुआ। इस खोज के आधार पर, वैज्ञानिक एक ऐसी दवा विकसित करने पर काम कर रहे हैं, जो मनुष्यों में भी इसी तरह के प्रभाव पैदा कर सके। रटगर्स यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर और इस अध्ययन के वरिष्ठ लेखक स्टीफन वैटनर ने कहा, जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, कार्य क्षमता में गिरावट आती है।

अगर इसे बढ़ाने का कोई तरीका मिल जाए, तो स्वस्थ उम्र बढ़ने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। उन्होंने यह भी बताया कि अध्ययन के दौरान आनुवंशिक रूप से संशोधित चूहे अपने सामान्य साथियों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर रहे थे।

# ब्रिटेन के उत्तरी सागर में बड़ा हादसा: तेल टैंकर से टकराया जहाज, आग लगने से मचा हड़कंप

**लंदन।** ब्रिटेन के पूर्वी तट के पास सोमवार को एक भीषण समुद्री दुर्घटना हुई, जब एक मालवाहक जहाज ने जेट ईंधन ले जा रहे टैंकर को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों जहाजों में आग लग गई, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे में जहाजों पर सवार 37 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि एक घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जहाज निगरानी साइट वेसलफाइंडर के मुताबिक, अमेरिकी ध्वज लगे केमिकल और तेल टैंकर एम.वी. स्टेना इमैक्युलेट यूनान से रवाना होकर ग्रिम्सबी बंदरगाह के पास लंगर डाले खड़ा था। इसी दौरान पुर्तगाली ध्वज वाला मालवाहक जहाज सोलोंग, जो स्कॉटलैंड के ग्रेंजमाउथ से नीदरलैंड के रॉटरडैम जा रहा था, उससे टकरा गया।

### टक्कर के बाद मची अफरा-तफरी

टैंकर का संचालन करने वाली अमेरिकी समुद्री प्रबंधन कंपनी क्राउली के अनुसार, टक्कर के कारण जेट-ए1 ईंधन युक्त कार्गो टैंक फट गया, जिससे आग लग गई और कई विस्फोट हुए। इसके चलते ईंधन समुद्र में फैल गया, जिससे पर्यावरण को भी खतरा पैदा हो गया है। इस घटना के फौरन बाद ही ब्रिटेन की समुद्री और तटरक्षक एजेंसी ने राहत और बचाव अभियान शुरू किया। तीन लाइफबोट, एक कोस्ट गार्ड हेलीकॉप्टर, एक कोस्ट गार्ड प्लेन और फायरफाइटिंग जहाज राहत कार्य में लगा दिए गए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आग से बचने के लिए कई नाविक जहाज से कूद गए, जिन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया है।

### हादसे में कोई हताहत नहीं

स्थानीय सांसद ग्राहम स्टुअर्ट ने बताया कि, टैंकर पर मौजूद सभी 23 नाविक सुरक्षित हैं। मालवाहक जहाज के चालक दल के 14 सदस्य भी बचा लिए गए हैं। कुल 37 लोगों में से 36 सुरक्षित हैं, जबकि एक व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### टैंकर से जुड़ा अमेरिकी सैन्य संबंध

स्टेना इमैक्युलेट अमेरिकी सरकार के टैंकर सुरक्षा कार्यक्रम का हिस्सा है, जो जरूरत पड़ने पर अमेरिकी सेना के लिए ईंधन परिवहन करता है।

### जांच के आदेश, पर्यावरण को खतरा

ब्रिटेन की समुद्री एजेंसियों ने घटना की औपचारिक जांच शुरू कर दी है। समुद्र में फैले जेट ईंधन के कारण समुद्री जीवों और पर्यावरण पर खतरे को लेकर भी चिंता जताई जा रही है।



मैक्सिको के सेंटो डोमिनिगो में ड्रोन के जरिये एक बस हादसे की ली गयी तस्वीर।

# पीएम मोदी के स्वागत में मॉरीशस में बिहारी परंपरा और लोकगीतों की गूंज

**पोर्ट लुईस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को अपनी दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस पहुंचे, जहां उनके स्वागत में बिहारी परंपरा और लोकगीतों की गूंज सुनाई दी। सर सीवसागर रामगुलाम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पारंपरिक तरीके से प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया गया।

राजधानी पोर्ट लुईस में एक अनूठी सांस्कृतिक परंपरा का दृश्य देखने को मिला, जब स्थानीय महिलाओं के एक दल ने पारंपरिक बिहारी लोकगीत गाकर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। महिलाओं ने उत्साहपूर्वक गाया, धन्य है, धन्य है देश हमारा हो, मोदी जी पधारे हैं। जय मॉरीशस, बोलो जय भारत। यह गीत भारत के भोजपुरी क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है, जिसे मॉरीशस में बसे भारतीय समुदाय ने जीवंत बनाए रखा है। स्वागत के पलों को प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया



प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा करते हुए लिखा, मॉरीशस में भारतीय समुदाय द्वारा दिया गया गर्मजोशी भरा स्वागत हृदयस्पर्शी है। भारतीय विरासत, संस्कृति और मूल्यों के प्रति उनका मजबूत संबंध वास्तव में प्रेरणादायक है। इतिहास और हृदय का यह बंधन पीढ़ियों से पनपता आ रहा है।

### भोजपुरी संस्कृति की अनूठी छाप

मॉरीशस में पारंपरिक भोजपुरी संगीत शैली गीत गवई काफी लोकप्रिय है। इसे विशेष मान्यता देते हुए, यूनेस्को ने दिसंबर 2016 में इसे मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया था। यह शैली मॉरीशस में भारतीय समुदाय की सांस्कृतिक पहचान का अहम हिस्सा बन चुकी है।

# सीरिया में महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने पर वीएचपी का सवाल .....अब क्यों चुप हैं राजनीतिक दल और कट्टरपंथी

**सीरिया।** रमजान के पवित्र माह में सीरिया में जारी संघर्ष ने भयावह रूप ले लिया है। सीरिया की नई सरकार और अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद के समर्थकों के बीच चल रही हिंसक झड़पों में हजारों लोग मारे गए हैं। चिंता की बात यह है कि इस संघर्ष में मुस्लिम महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं। युवतियों और विवाहित महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाओं में वृद्धि हुई है, साथ ही उन्हें सरेआम निर्वस्त्र करके घुमाने की खबरें सामने आई हैं। वहीं विश्व हिंदू परिषद ने सीरिया में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों की निंदा की है और साथ ही उन राजनीतिक दलों, कट्टरपंथियों, कठमुल्लों और मुस्लिम धर्मगुरुओं से सवाल पूछा है कि आखिर वे इस मुद्दे पर चुप क्यों हैं? वीएचपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने लिखा, महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाकर की हत्या! रमजान में भी..!! पुरुषों को भी कुत्तों की तरह घुटनों पर चलाया जा रहा है। इतना ही नहीं, सरकार समर्थक सुन्नी मुस्लिमों द्वारा महिलाओं की हत्या करने से पहले उन्हें सड़कों पर निर्वस्त्र दौड़ाया जा रहा है। वह भी कथित पवित्र इस्लाम के नाम पर!! क्या यही है इस्लाम और रमजान का पाक नामा!! गाजा पर बाजा बजाकर आतंकियों के लिए आंसू बहाने वाले भारतीय कट्टरपंथी मुस्लिम उलेमा और उनकी संस्थाएं इस पर क्यों मौन हैं? छोटी छोटी बातों पर बयान देने वाले लोग और संस्थाएं किधर मुंह छुपा कर बैठी हैं?' गौरतलब है कि भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी के रोज़ा रखने पर भी हाल ही में देश में विवाद हुआ था। लेकिन,शमी के रोज़े पर सवाल उठाने वाले न किसी मौलाना ने और न ही गाज़ा को लेकर बवाल मचाने वाले किसी मुस्लिम धर्मगुरु ने सीरिया की घटनाओं पर कोई बयान दिया है।

# कांगो में दर्दनाक हादसा-नाव पलटने से 25 की मौत, फुटबॉल खिलाड़ी भी शामिल

**मुशी।** दक्षिण-पश्चिमी कांगो में क्वा नदी में एक नाव पलटने से 25 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, इनमें फुटबॉल खिलाड़ी भी शामिल हैं। यह हादसा तब हुआ जब खिलाड़ी माई-न्डोम्बे प्रांत के मुशी शहर में एक फुटबॉल मैच खेलकर लौट रहे थे। घटना के संबंध में जानकारी दे रहे प्रांतीय प्रवक्ता एलेक्सिस मपुतु ने बताया, कि रात में खराब दृश्यता के कारण हादसा होने का अंदेशा है। हादसे के बाद कम से कम 30 लोगों को बचा लिया गया, लेकिन कई अभी भी लापता बताए गए हैं। कांगो में नदी परिवहन मुख्य यात्रा साधन है, लेकिन यहां अक्सर नाव दुर्घटनाएं होती रहती हैं। बताया जाता है कि क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाना, नौका नियमों का सही से पालन न होना, रात में खतरनाक सफर करना, ये सभी कारण नाव हादसों की संख्या बढ़ाते हैं।

## आज का इतिहास 12 मार्च

1612 बंगाल के अंतिम अफगान शासक के पुत्र उस्मान खान लोहानी की मौत लड़ाई में घायल होने के कारण हुई.

1868 ब्रिटेन ने बसुतोलैंड पर कब्जा किया.

1872 लार्ड मेयो के हत्यारे शेर अली को फांसी दी गयी.

1923 कमाल अतातुर्क तुर्की के पहले राष्ट्रपति बने.

1925 आधुनिक चीन के जनक सन यात सेन का निधन.

1930 गांधीजी ने डांडी यात्रा शुरू की.

1954 साहित्य अकादमी का उद्‌घाटन हुआ.

1967 श्रीमती इंदिरा गांधी दूसरी बार प्रधानमंत्री बनी.

1968 मॉरीशस स्वतंत्र हुआ.

1973 सीरिया में नया संविधान स्वीकार किया गया.

1989 नरौरा परमाणु बिजलीघर द्वारा उत्पादन आरंभ.

1992 मुंबई में तेरह बम विस्फोटों में सौ से अधिक लोग मारे गए.

1992 मॉरीशस गणराज्य बना.

1993 कैनबेरा आस्ट्रेलिया की राजधानी बना.

1994 चर्च ऑफ इंग्लैंड ने 460 वर्ष पुरानी परंपरा को तोड़ते हुए एक महिला को ब्रिस्टल चर्च में पादरी बनाया गया.

2003 सर्बिया के प्रधानमंत्री जोरान जिंदजिक की बेलग्रेड में गोली मारकर हत्या.


2005 झारखंड में अर्जुन मुंडा ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली.

## प्रसंगत: सेवा की भावना

जर्मनी का महान समाजसेवी ओबरलीन एक बार अपनी यात्रा के दौरान मुसीबतों से घिर गया। तेज आंधी-तूफान और ओलों ने उसे बुरी तरह परेशान कर दिया। वह मदद के लिए चिल्लाता रहा, लेकिन सबको अपनी जान बचाने की पड़ी थी, सो उसकी पुकार कौन सुनता? वह बेहोशी की हालत में नीचे गिर पड़ा। कुछ देर बाद उसे अहसास हुआ कि किसी व्यक्ति ने उसे थामा हुआ है और उसे सुरक्षित जगह पर ले जाने की कोशिश कर रहा है। होश में आने पर ओबरलीन ने देखा कि एक गरीब किसान उसकी सेवा में जुटा हुआ है। ओबरलीन ने किसान से कहा कि वह उसकी सेवा करने के एवज में उसे इनाम देगा। फिर उसने किसान से उसका नाम जानना चाहा। यह सुनकर किसान मुस्कराया और बोला, 'मित्र! बताओ, बाइबिल में कहीं किसी परोपकारी का नाम लिखा है। नहीं न। तो फिर मुझे भी अनाम ही रहने दो। आप भी तो निःस्वार्थ सेवा में विश्वास रखते हो। फिर मुझे इनाम का लालच क्यों दे रहे हो? वैसे भी पुरस्कार का लालच किसी को भी निःस्वार्थ सेवा करने के लिए मजबूर नहीं कर सकता। सेवा की भावना तो हमारे अंदर से उत्पन्न होती है। इसे न ही पैदा किया जा सकता है और न ही मिटाया जा सकता है।' ओबरलीन उस निर्धन किसान की बातें सुनकर दंग रह गया। वह मन ही मन सोचने लगा कि आज उसे इस किसान ने एक पाठ पढ़ाया है। सेवा जैसा भाव तो अनमोल है। उसकी कोई कीमत नहीं लगाई जा सकती और सेवा के लिए कोई भी पुरस्कार अधूरा है। यह किसान कितना महान है जो बिना किसी स्वार्थ के परोपकार करने में विश्वास करता है। आज कितने ऐसे लोग हैं जो इस निर्धन किसान की परोपकार की भावना का मुकाबला कर सकते हैं। ओबरलीन को इस बात के लिए अफसोस हुआ कि उसने किसान को इनाम देने की बात कही। ओबरलीन ने किसान से कहा, 'अगर आपके जैसे इंसान हर जगह हों तो कहीं पर दुराचार शेष नहीं रहेगा।'

## दैनिक पंचांग

**12 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.23 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मेष | 07.53 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृष | 09.34 बजे से |
| बुध | मीन में | मिथुन | 11.32 बजे से |
| गुरु | वृष में | कर्क | 13.45 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.01 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.13 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 20.24 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 22.39 ब.से |
| राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक | | धनु | 00.55 बजे से |
| | | मकर | 03.00 बजे से |
| | | कुंभ | 04.46 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 71 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** त्रयोदशी 09.12 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मघा 04.06 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** सुकर्मा 13.00 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 09.12 बजे तदनन्तर गर 21.51 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 12.0 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 03° 18'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872281
**जूलियन दिन** 2460746.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रमजान
**तारीख** 11
**विशेष** मासी मागम।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## राशिफल

शुभ संवत 2081, शाके 1946, सौम्य गोष्ठ, फाल्गुन शुक्ल पक्ष, शिशिर ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पश्चिम तिथि त्रियादशी, बुधवासरे, मघा नक्षत्रे, शुक्र योगे, तैतिल करणे, सिंह की चंद्रमा, चर्तुदर्शी व्रत मूल समाप्त रात्रि 3.40 धान्य छेदन तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल........

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, जिद्दी-हठी, सैनिक, सिपाही, धनीमानी, योगी-भोगी, प्रशासनिक अधिकारी, डॉक्टर, इंजीनियर होगा।




**मेष राशि:** विशेष कार्य स्थगित रखें, अचानक घटना का योग बन सकता है सावधान रहें।

**वृष राशि:** सफलता के साधन जुटायें, अन्यथा आरोप व क्लेश संभव है।

**मिथुन राशि:** अधिकारियों से मेल-मिलाप स्थगित रखें, क्लेश व अशांति का वातावरण बनेगा।

**कर्क राशि:** विरोधी प्रबल होंगे, परेशानी से बचिये, जल्दबाजी से कार्य में हानि हो सकती है।

**सिंह राशि:** भाग्य का सितारा प्रबल होगा, मान-प्रतिष्ठा, सुख के साधनों में वृद्धि होगी।

**कन्या राशि:** कुटुम्ब की समस्यायें सुलझेंगी, धन का व्यय होगा, सुख में वृद्धि होगी।

**तुला राशि:** संतान से सुख एवं सम्पन्नता के योग बनेंगे, मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक राशि:** कार्य-कुशलता से संतोष, बिगड़े कार्य बनेंगे, इष्ट मित्रों से परेशानी होगी।

**धनु राशि:** कार्य-व्यवसाय उत्तम, किराना-कपड़ा व्यवसाय अवश्य ही बड़ेगा।

**मकर राशि:** स्त्री कष्ट, समय और धन नष्ट होगा, स्वभाव में बेचैनी अवश्य बनेगी।

**कुंभ राशि:** षड़यंत्र व कष्टप्रद स्थिति सामने आयेगी, कुटुम्ब के लोग पीड़ा पहुंचायेंगे।

**मीन राशि:** धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा, व्यवसाय की चिन्ता होगी।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

# कनाडा के नेता ने ट्रंप के टैरिफ वॉर के मुकाबले एनर्जी वॉर छेड़ने की दी चेतावनी

**ओंटारियो।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा से लेकर यूरोप के कई मित्र देशों के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। ट्रंप ने सीधे तौर पर कहा है कि जो देश अमेरिका के प्रोडक्ट पर जितना टैरिफ लगाएगा वह भी उतना ही शुल्क उस देश पर लगाएंगे। ट्रंप ने चीन, कनाडा और मैक्सिको से इंपोर्ट होने वाले उत्पादों पर 25 फीसद टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ट्रंप ने कहा कि बढ़ा हुआ शुल्क 2 अप्रैल 2025 से लागू होगा। अमेरिका के ट्रंप सरकार के इस कदम से कनाडा भी भड़का हुआ है। ओंटारियो के पावरफुल नेता डग फोर्ड ने अमेरिका को धमकी दी है। उन्होंने टैरिफ वॉर के मुकाबले एनर्जी वॉर छेड़ने की चेतावनी दी है। कनाडा से जस्टिन ट्रूडो की विदाई के बाद अब मार्क कार्नी ने कनाडा की सत्ता संभाल ली है। इसके साथ ही अमेरिका के साथ जारी तनातनी ने और तल्ख रूप ले लिया है।

फोर्ड ने कहा कि ट्रंप के लिए एक पैमाना बाजार है, जिसमें अब खरबों डॉलर की गिरावट आ चुकी है। उन्होंने कहा कि वह बाजारों को समझते हैं। फोर्ड ने कहा कि आप ट्रंप को पसंद कर सकते हैं या उनसे नफरत कर सकते हैं, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति स्मार्ट व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि अगर कनाडा लकड़ी, एल्युमिनियम, स्टील, पोटाश और यूरेनियम जैसे निर्यात बंद कर देता है, तो अमेरिका के लिए तबाही का रास्ता खुल जाएगा।

उन्होंने अमेरिकियों से अपने राष्ट्रपति पर दबाव डालने का आग्रह किया। साथ ही कहा कि अगर ट्रम्प अपनी टैरिफ नीतियों के साथ पूरी तरह आगे बढ़ते हैं, तो दोनों देश नीचे की ओर जाएंगे। फोर्ड ने एनर्जी वॉर पर कहा कि कुछ भी संभव है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि अगर वे किसी अमेरिकी राज्य से बिजली खरीद सकते तो वे कनाडा से नहीं खरीदते। इसके अलावा उन्होंने बताया कि वे अपना एनर्जी प्रोडक्शन बढ़ाते रहेंगे, क्योंकि हमें ओंटारियो और पड़ोसियों के लिए इसकी ज़रूरत पड़ने वाली है।

अमेरिका पड़ोसी देश कनाडा से बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रिसिटी इंपोर्ट करता है। टैरिफ वॉर के और गंभीर होने की स्थिति में यदि कनाडा की तरफ से एनर्जी वॉर छेड़ दिया तो फिर ऐसे हालात में ट्रंप के लिए डोमेस्टिक लेवल पर समस्याएं बढ़ सकती हैं।

# पोप फ्रांसिस की सेहत में सुधार, जान को कोई खतरा नहीं

**वेटिकन सिटी।** वेटिकन ने बताया कि पोप फ्रांसिस के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। डॉक्टरों का कहना है कि उनकी सेहत में सुधार हो रहा है। वेटिकन ने पोप फ्रांसिस की हेल्थ के बारे में बताया कि 88 वर्षीय पोप फ्रांसिस को जल्द ही अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है। हालांकि, उनकी स्थिति अभी भी जटिल है।

बयान में कहा गया है कि पिछले दिनों में जो सुधार हुए थे, वे अब और बेहतर हो गए हैं, जैसा कि खून के टेस्ट, डॉक्टर की जांच और दवाइयों के अच्छे असर से साबित हुआ है। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि पोप फ्रांसिस अपना इलाज पूरा करने के लिए कुछ और दिनों के लिए चिकित्सा निगरानी में रहें, क्योंकि उनकी स्थिति जटिल है और उन्हें अस्पताल में भर्ती होने के समय गंभीर संक्रमण था। पोप फ्रांसिस की तबीयत में सुधार हो रहा है और वह अपने इलाज के दौरान शारीरिक तथा सांस संबंधी चिकित्सा से गुजर रहे हैं। वे रात में ऑक्सीजन मास्क और दिन में हाई-फ्लो ऑक्सीजन कैनुला का उपयोग करते हैं।

हालांकि, पोप ने अपने प्रवेश के बाद से कोई सार्वजनिक उपस्थिति नहीं दिखाई है, लेकिन वे वीडियो लिंक के माध्यम से वेटिकन की प्रार्थनाओं का पालन करते हैं। पिछले सप्ताह पोप ने एक ऑडियो संदेश भी रिकॉर्ड किया, जिसमें उन्होंने अपने स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना और समर्थन करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया।

» न्यूज कैप्सूल »

## तेज रफ्तार बुलेरो की टक्कर से एक की मौत, दो स्कूली बच्चे गंभीर



**दमोह।** जिले के पथरिया में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो स्कूली बच्चे गंभीर रूप से घायल हैं। घटना देर रात की है जब पिपरोधा गांव के स्कूली बच्चे परीक्षा समाप्त कर भोपाल से दमोह लौटे थे। इन्हें लेने उनके अभिभावक स्टेशन पहुंचे थे। इसी दौरान बबलू पटेल अपनी बेटी और गांव की एक लड़के को बाइक पर बैठाकर घर जा रहे थे कि पथरिया जैन मंदिर के पास तेज रफ्तार बुलेरो वाहन क्रमांक डच् 04 ब्ळ 8882 ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई। पीछे आ रहे ग्रामीणों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान बबलू पटेल की मौत हो गई, जबकि दोनों बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है। इस घटना के बाद पथरिया पुलिस ने बुलेरो वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त गाड़ी में कई लोग सवार थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है और वाहन चालक की तलाश जारी है

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा हटा नगर स्थित विभिन्न मिठाई दुकानों एवं दमोह शहर स्थित नॉन वेज रेस्टोरेंट का किया गया औचक निरीक्षण



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा निरीक्षण कार्यवाही करते हुए हटा नगर स्थित विभिन्न मिठाई दुकानों एवं दमोह शहर स्थित नॉन वेज रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण किया गया। कार्यवाही में हटा में पन्ना रोड, पंडा जी कॉम्प्लेक्स स्थित गफ्फू स्वीट्स से खोवा की गुजिया एवं आज़ाद वार्ड स्थित न्यू बजरंग स्वीट्स से मिल्क केक के नमूनें जांच हेतु लिए गए। इसी तरह दमोह शहर में चरहाई बाजार, सिविल वार्ड नं 06 स्थित लाज़वाब नॉन वेज रेस्टोरेंट से मटन बिरयानी के नमूनें जांच हेतु लिए गए। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। मौके पर सभी मिठाई दुकानदारों को ग्राहकों को शुद्ध एवं सुरक्षित मिठाई एवं नमकीन विक्रय करने के निर्देश दिए गए। सभी नॉन वेज रेस्टोरेंट संचालकों को सुरक्षित एवं स्वच्छ तरीके से मटन, चिकिन एवं अंडा से सुरक्षित मांसाहारी भोजन का निर्माण एवं विक्रय करने के निर्देश मौके पर दिए गए।

## होलिका दहन 14 को एवं धुरेड़ी 15 मार्च को मनाएं- पुजारी पुरोहित कर्मकाण्ड महासंघ

**दमोह।** पुजारी पुरोहित कर्मकाण्ड महासंघ के अध्यक्ष पं.राहुल पाठक ने बताया कि लोक विजय पंचागानुसारेण के अनुसार फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 14 मार्च शुक्रवार को हालिका दहन है। परमा धुरेड़ी 15 मार्च को भाई दोज 16 मार्च को एवं रंगपंचमी उत्सव 19 मार्च बुधवार को सनातन संस्कृति एवं शालीनता के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया जायेगा।

## बकाया डायवर्शन शुल्क नहीं जमा करने पर राधा वेयरहाउस सील, संपत्ति कुर्क

**शाजापुर।** भूमि का बकाया डायवर्शन शुल्क जमा नहीं करने पर तहसीलदार शाजापुर द्वारा कार्यवाही करते हुए आज बकायेदार का राधा वेयर हाऊस सील किया गया और संपत्ति कुर्क की गई। उल्लेखनीय है कि तहसील शाजापुर के ग्राम मझानिया स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 4/1, 4/2, 5/1, 12/1, 12/2, 12/3/1, 12/3/2 एवं 12/4 के भूमि स्वामी नैना दुबे पति अभय दुबे द्वारा वर्ष 2015-16 से वर्ष 2024-25 तक का बकाया।

# डिलीवरी के बाद नव विवाहिता की मौत, जिला अस्पताल के बाहर शव रखकर प्रदर्शन, लापरवाही के आरोप

**दमोह।** जिला अस्पताल में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है बाद रात की हो या फिर दिन की। डॉक्टरों की कमी के बीच मरीजों की अनदेखी लापरवाही जैसे हालत में बीते बारह घंटे में दो जुड़वा बच्चों सहित दो माताओ की मौत हो जाने के दुखद घटनाक्रम ने अस्पताल के सिस्टम बनाम व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिला अस्पताल गेट के बाहर मंगलवार शाम आरिफ खान के परिजनों ने स्ट्रेचर पर रखे शव के साथ देर तक प्रदर्शन करते हुए डॉक्टर पर लापरवाही तथा सिस्टरो के भरोसे अस्पताल चलने के आरोप लगाए। दरअसल फारुख खान की पत्नी साहिबा 21 वर्ष को दो दिन पहले डिलीवरी हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उनकी नॉर्मल डिलीवरी बताई गई थी। सिस्टर के भरोसे डिलीवरी के बाद महिला की ब्लीडिंग ज्यादा होने से हालत बिगड़ गई। चार यूनिट ब्लड लगने के बाद भी हालात में सुधार नहीं हुआ तो डॉक्टर ने जबलपुर रेफर कर दिया। जबलपुर ले जाते समय रास्ते में दोपहर 2 बजे साहिबा की मौत हो जाने पर परिजन वापस जिला अस्पताल लेकर आ गए।



करीब 3 घंटे बाद तक तहसीलदार के बयान लेने नहीं पहुंचे तथा पोस्टमार्टम आदि की कार्रवाई नहीं होने से परिजनों के सब्र का बांध टूट पड़ा तथा यह लोग स्ट्रेचर पर रखे शव के साथ अस्पताल के बाहर आ गए। देर तक मेन गेट के बाहर प्रदर्शन चलता रहा। वही बाद में तहसीलदार ने समझाइस देकर प्रदर्शन खत्म कराते हुए परिजनों के बयान लिए। इसके बाद यह प्रदर्शन खत्म हुआ। दमोह जिला अस्पताल में बीती रात दो जुड़वा बच्चों और उनकी मां की ऑपरेशन के बाद मौत हो गई थी। इस मामले की मौत की खबर ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। गर्भवती महिला और उसके जुड़वा बच्चों की मौत से उठे गंभीर सवाल.. सोमवार देर रात जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खोलने वाला एक दर्दनाक मामला सामने आया है। एक गर्भवती महिला,आरती ठाकुर 29 वर्ष निवासी मगरोन जिसकी हालत बिगड़ने पर निजी हॉस्पिटल से जिला अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन वहां शिफ्टिंग के दौरान उसकी मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार, महिला के गर्भ में दो बच्चा पल रहे थे, लेकिन उन्हें भी नहीं बचाया जा सका, परिजनों ने आरोप लगाया कि महिला का सीजर ऑपरेशन जिला अस्पताल में किया जाना था, लेकिन डॉक्टरों की टीम उपलब्ध थी या नहीं, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। यदि समय पर सही उपचार मिलता, तो शायद जच्चा और उसके दोनों बच्चे बच सकते थे। वही मीडिया के एवं सूत्रों के अनुसार, पहले जिस फातिमा नर्सिंग होम में महिला का इलाज चल रहा था, उसे पहले ब्लैकलिस्ट किया जा चुका था। इसके बावजूद यह निजी क्लीनिक बिना किसी रोक-टोक के चल रहा है। यह जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। जिला अस्पताल में सीजर के लिए डॉक्टरों की टीम उपलब्ध थी या नहीं?समय रहते महिला को सही उपचार क्यों नहीं मिल पाया? क्या प्रशासन ने नर्सिंग होम की नियमित जांच की? मृतका के पति लोकेंद्र ठाकुर ने बताया कि उनकी पत्नी और बच्चों की जान सही समय पर इलाज न मिलने की वजह से गई। उन्होंने प्रशासन से दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। अब तक कोई भी जिम्मेदार अधिकारी इस मामले पर खुलकर सामने नहीं आया है। कुल मिलाकर रेफर केंद्र बनकर रह गए जिला अस्पताल की अव्यवस्थाओं की खबरों के बाद व्यवस्था में सुधार के बजाय खबरों के खंडन की तरफ ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। यहां तक की सिविल सर्जन जैसे जिम्मेदार डॉक्टर कार्य नहीं कर पाने की बात करते हुए सीएमएचओ को जिम्मेदारी से मुक्त करने पत्र सौंपने जैसी बात कर चुके हैं।

## भारत निर्वाचन आयोग, चुनावी प्रक्रिया को मजबूत बनाने पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं से करेगा बातचीत

**शाजापुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने कानून ढांचे के अंतर्गत चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत बनाने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। आयोग ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से ईआरओ, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय स्तर पर अनिराकृत प्रकरणों की 30 अप्रैल 2025 तक जानकारी मांगी है। आयोग ने इस संबंध में राजनीतिक दलों को व्यक्तिगत रूप से पत्र भी जारी किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक सम्मेलन किया गया था। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने सभी प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी, जिसमें उन्होंने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बैठक करने और प्राप्त सुझावों पर नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए थे। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का आग्रह भी किया है।

# यातायात पुलिस ने अवैध हूटर हटाए, लगाया जुर्माना




**( आरती मालवीय )**

**नर्मदापुरम।** पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार नर्मदापुरम ट्रैफिक पुलिस द्वारा हूटर, पदनाम वाले प्लेट व रंगीन लाईट वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है जिसमे आज 10 हूटर लगे हुए वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई जिसमें 9 वाहनों से जुर्माना 27000 वसूल किया गया है जबकि जुर्माना जमा न करने पर एक शासकीय कार्यालय में संबद्ध अनधिकृत हूटर वाले वाहन का प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।

55 पदनाम प्लेट वाले वाहनों पर अभी तक कार्यवाही की गई है। अन्य धाराओं में भी आज 8 वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही कर जुर्माना 4600 अलग से वसूला गया है। यह कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

यातायात पुलिस की अपील है कि असुविधा से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन करे।

# क्षत्रिय मराठा नव निर्माण सेना ने मनाई छत्रपति संभाजी महाराज की पुण्यतिथि श्रद्धाभाव के साथ अर्पित किए श्रद्धासुमन

**( आरती मालवीय )**

**नर्मदापुरम ।** क्षत्रिय मराठा नव निर्माण सेना के द्वारा मराठा योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज की पुण्यतिथि नेहरू पार्क में मनाई गई। इस मौके पर विवेकानंद युवा मंडल के अध्यक्ष समाजसेवी प्रसन्ना हर्णे सहित क्षत्रिय मराठा नव निर्माण सेना के पदाधिकारी व सदस्यगण शामिल हुए। सभी ने छत्रपति संभाजी महाराज के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।



श्री प्रसन्ना हर्णे ने कहा कि संभाजी महाराज ने बचपन में ही अपनी कुशाग्र बुद्धि का परिचय दे दिया था मराठी और संस्कृत सहित अन्य अनेक भाषाओं में उन्हें महारत हासिल थी।

उनका जन्म 14 मई सन 1657 ई में हुआ था। ये बचपन से ही अपने पिता शिवाजी के जैसे वीर योद्धा थे। इन्होंने अपना पूरा जीवन देश को समर्पित कर दिया था। आज भी इनकी वीरता की कहानियां प?ी और सुनी जाती हैं। उन पर फिल्म भी बनी है।

संगठन के सदस्यों द्वारा वीर संभाजी महाराज के नारे लगाए गए। संगठन के कमल राव चव्हाण ने कहा कि हमें वीर शिवाजी महाराज, संभाजी महाराज जैसे देशभक्तों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उनको याद करना चाहिए। सभी उपस्थितों के प्रति आभार जनार्दन आगोंन ने माना।

इस मौके पर प्रसन्ना हर्णे,श्रीमति सुशीला वाइसकर, लक्ष्मण राव जांचक,जनार्दन आगौन, कमल राव चव्हाण, प्रकाश मराठा,मनीष परदेशी, विशाल दीवान, सुंदरम अग्रवाल, श्रीमति प्रीति आगौन, शिवाजी राव कांटे, रोहित वाघमारे श्रीमति सुशीला चव्हाण, पीयूष आगौन, छमा मराठा, श्रीमती चंपा बाई, रोहित बाघमारे, उज्वला चव्हाण, मानसी, कांची आदि अनेक सामाजिक लोग एवं नन्हें मुन्नहें बच्चे भी उत्साह के साथ शामित हुए।

# जनसुनवाई के दौरान प्राप्त हुए 94 आवेदन

## अपर कलेक्टर ने किया समस्याओं का निवारण, अधिकारियों को शीघ्र समस्या समाधान के निर्देश

**( आरती मालवीय )**

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान 94 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री डी.के सिंह ने लोगो की समस्याओं का समाधान किया। उन्होनें आवेदनों के गंभीरतापूर्ण परीक्षण के बाद अधिकारियों को निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान सदर बाजार नर्मदापुरम निवासी ओमप्रकाश सोलंकी ने आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि सदर बाजार स्थित उनके निवास के सामने सीवर लाइन डाली गई। जिसके कारण कई नल कनेक्शन टूट गये है जिससे निरंतर पानी बहने से घर के सामने जल भराव हो रहा है। जिसके कारण जगह जगह पर गंदगी व्याप्त है एवं आवागमन में भी परेशानी हो रही है। आवेदनकर्ता ने व्यर्थ जल प्रवाह रोकने एवं उससे दुर्घटना होने की भी संभावना है जिसका शीघ्रता से जिसका शीर्घता से निवारण करना चाहिये। श्री सिंह ने मामले को गंभीरता से लेने एवं पाइपलाइन दुरूस्त करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए।

जनसुनवई के दौरान ग्राम जावली तहसील माखननगर निवासी पंकज नागवंशी द्वारा आवेदन प्रस्तुत करते हुए किसान सम्मान निधि एवं किसान कल्याण निधि की राशि प्राप्त नहीं हुई, आवेदनकर्ता द्वारा माखननगर तहसील में भी आवेदन दिया गया था, परंतु काफी समय व्यतीत हो जाने के उपरांत



भी राशि प्रदान नहीं हुई है उन्होनं जनसुनवाई के माध्यम से शीघ्र समस्या निवारण के लिए आवेदन दिया। इसी प्रकार जनसुनवाई में आए मानसिंह ग्राम चांदला तहसील माखननगर द्वारा विगत कुछ माहों से वृद्धा पेंशन की राशि प्राप्त नहीं के संबंध में आवेदन प्रस्तुत करते हुए शीघ्र वृद्धा पेंशन प्रदान करने की मांग की।

संजय नगर ग्वालटोली नर्मदापुरम निवासी उर्मिला बाई पति स्वर्गीय श्री लक्ष्मण सिंह भाकोरिया ने जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों को अवगत कराया कि उनके पति की मृत्यु के पश्चात उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है एवं वह मजदूरी कर जीवन यापन कर रही है किंतु उन पर बकाया नल टैक्स 12 हजार रुपए कि राशि का देयक प्राप्त हुआ है। जिसे देने में वे असमर्थ है। उनके द्वारा जल-कर की राशि को माफ करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया।

जनसुनवाई मे आई कीर्ति मीणा निवासी नर्मदापुरम ने अपने बच्चों की स्कूल फीस जमा करने मे असमर्थता जताई। जनसुनवाई आवेदन के माध्यम से उन्हानें बताया के दोनो बेटियों का प्रवेश शहर के एक निजी स्कूल मे किया गया था। पति के देहांत के बाद से आर्थिक स्थिती ठीक न होने के कारण स्कूल फीस नही भर पा रही हैं। वार्षिक परीक्षा भी प्रारंभ होने जा रही हैं, लेकिन स्कूल प्रबंधन द्वारा निरंतर स्कूल फीस जमा करने का दबाव बनाया जा रहा हैं, फीस ना भरने कि स्थिति में परीक्षा से वंचित करने की बात भी कहीं जा रही हैं। इसी प्रकार अवैध कब्जे, पेंशन, नाली निर्माण एवं अन्य कई समस्याओं के समाधान के लिए लोगो नें जनसुनवाई के दौरान आवेदन प्रस्तुत करते हुए शीर्घ निराकरण की मांग की। अपर कलेक्टर श्री सिंह ने प्रत्येक आवेदनकर्ताओ के आवेदनों का गहनता से अध्ययन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी शिकायतों पर समयसीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करें।

जनसुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री अनिल जैन, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती संपदा श्राफ गुर्जर, सिटी मजिस्ट्रेट श्री बृजेन्द्र रावत सहित अन्य सभी जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह के निर्देशन में आगामीं होली एवं अन्य त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए थाना क्षेत्रों में निकाला गया फ्लैग मार्च

## होटलों/धर्मशालाओं /रेलवे स्टेशन आदि में की जा रही सघन चैकिंग

## रात्रि गश्त में फालतू घूम रहे युवाओं से पूँछताँछ कर की जा रही वैधानिक कार्यवाही

**( आरती मालवीय )**



**नर्मदापुरम।** पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना जी के निर्देशानुसार नर्मदापुरम पुलिस द्वारा जिले के समस्त थाना/चौकी क्षेत्र में आगामी होली एवं अन्य त्योहारों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु सक्रिय कार्यवाही की जा रही है ।

पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम डॉ. गुरकरन सिंह द्वारा आगामी होली एवं अन्य धार्मिक त्योहारों पर सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में शाम एवं रात्रि में पैदल गश्त करते हुये अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने हेतु एवं फ्लैग मार्च करने हेतु निर्देशित किया गया है ।

इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम डॉ. गुरकरन सिंह के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष मिश्र के मार्गदर्शन में नर्मदापुरम कोतवाली एवं देहात पुलिस द्वारा एरिया डॉमिनेशन हेतु फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान पुलिस लाइन नर्मदापुरम,थाना कोतवाली नर्मदापुरम एवं थाना देहात के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा फ्लैग मार्च में हिस्सा लिया गया।

नर्मदापुरम पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने हेतु कस्बा/क्षेत्र भ्रमण जारी

## बकाया राशि जमा नहीं करने पर 3 दुकान व 2 गुमटी सील

**रतलाम।** नगर निगम से संबंधित करो की शत-प्रतिशत वसूल किये जाने के निगम आयुक्त हिमांशु भट्ट द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत नगर निगम के राजस्व अमले ने कार्यवाही करते हुए बकाया राशि जमा नहीं कराने पर 3 दुकानें एवं 2 गुमटी को सील किया वहीं 3,02,061/- की राशि दुकान-गुमटी किराया बकाया के रूप में वसूल की। निगम आयुक्त हिमांशु भट्ट के निर्देशानुसार नगर निगम के राजस्व अमले द्वारा दुकान-गुमटी किराये की ब?ी राशि जमा नहीं कराने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए गोविन्द कुमार-हरदासमल दुकान नम्बर 30 कोठारी मार्केट, भवानीलाल-चिमनलाल दुकान नम्बर 30 व प्रवीण-राजु हारोड दुकान नम्बर 38 स्टेडियम मार्केट, तेजकरण-भेरूलाल गुमटी नम्बर 61 व कालु शाह-जुम्मन शाह गुमटी नम्बर 67 हाट रोड को सील किया गया।

इसके अलावा राजस्व अमले द्वारा निगम स्वामित्व के विभिन्न मार्केट की दुकानों के दुकानदारों व गुमटी संचालकों से 3,02,061/- की राशि दुकान-गुमटी किराया बकाया के रूप में वसूल की।

# जीआईएस-भोपाल में ओडीओपी-एक्सपो से मिलेगी लोकल उत्पादों को वैश्विक पहचान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### स्थानीय कारीगरों को मिलेगा ग्लोबल-वोकल सपोर्ट

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि %एक जिला-एक उत्पाद% हमारे कारीगरों और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल में आयोजित %एक जिला-एक उत्पाद% (ओडीओपी) एक्सपो ने स्थानीय कारीगरों और किसानों के उत्पादों को वैश्विक मंच प्रदान किया। जीआईएस-भोपाल में 38 जिलों के विशिष्ट ओडीओपी उत्पादों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें परंपरा और नवाचार का अनूठा संगम देखने को मिला। जीआईएस-भोपाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडीओपी को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त पहल बताया। उन्होंने कहा कि हर जिले का एक खास उत्पाद उसकी सांस्कृतिक और आर्थिक पहचान बन सकता है। ओडीओपी कार्यक्रम से लोकल प्रोडक्ट्स को ग्लोबल ब्रांड बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीआईएस-भोपाल में ओडीओपी-एक्सपो से हमारे स्थानीय उत्पादों, विशेष रूप से हस्तशिल्प और कृषि उत्पादों को वैश्विक मंच पर पहचान बनाने का अवसर मिला है।

#### कला , हस्तशिल्प और कृषि उत्पादों का हुआ सजीव प्रदर्शन

एक्सपो में ओडीओपी के लिए विशेष स्टॉल लगाए गए, जिन्हें लाइव काउंटर और प्रोसेस काउंटर में विभाजित किया गया। लाइव काउंटर में बाग प्रिंट, जरी जरदोजी, बटिक प्रिंट, कालीन, चंदेरी साड़ी, बांस, बलुआ पत्थर और कपड़े की जैकेट जैसे आठ प्रमुख उत्पादों की निर्माण प्रक्रिया को कारीगरों ने लाइव प्रदर्शित किया।

जीआईएस-भोपाल में आयोजन के दौरान विदेशी निवेशकों और उद्योगपतियों ने स्थानीय कारीगरों के हुनर को करीब से देखा और उनकी कार्यशैली को समझा। एक्सपो के 'कुम्हार पुरा' और 'टेक्निकल ज़ोन' के लाइव काउंटर भी प्रमुख आकर्षण का केंद्र बने रहे।



#### खाद्य और कृषि उत्पादों को मिली नई पहचान

ओडीओपी-एक्सपो में खाद्य, मसाले और फलों से जुड़े 38 जिला विशिष्ट उत्पादों को उनके निर्माण प्रक्रिया के साथ प्रदर्शित किया गया। इन उत्पादों की खरीद और निर्यात के अवसर भी उपलब्ध कराए गए। साथ ही, निवेशकों ने विशिष्ट उत्पादों के सेंपल लिए, जिससे भविष्य में व्यापारिक संबंध स्थापित होने की संभावना बढ़ी।

#### मध्यप्रदेश के विशिष्ट ओडीओपी उत्पाद

मध्यप्रदेश में ओडीओपी के तहत विभिन्न जिलों के पारंपरिक, वस्त्र और कृषि उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इनमें बुरहानपुर का केला, ग्वालियर के आलू आधारित उत्पाद और स्टोन टाइल्स, खरगोन की मिर्च उत्पाद, मंदसौर के लहसुन उत्पाद, नीमच के धनिया उत्पाद, सतना के टमाटर आधारित उत्पाद, मुरैना की गजक और सरसों उत्पाद, इंदौर के आलू आधारित उत्पाद, भोपाल के अमरूद उत्पाद, चंदेरी की साड़िया, महेश्वर की साड़ियां और हथकरघा उत्पाद, टीकमगढ़ के मिट्टी शिल्प और हस्तशिल्प उत्पाद और धार के बाग प्रिंट शामिल है।

#### राज्य के इन उत्पादों को मिला है जीआई टैग

बाग प्रिंट, बालाघाट का चिन्नौर चावल, दतिया और टीकमगड़ बेल धातु का कार्य, चंदेरी साड़ी, गोंड पेन्टिंग, ग्वालियर के हैन्डमेड कारपेट, जबलपुर का पत्थर शिल्प, झाबुआ का कड़कनाथ, इंदौर के चमड़े के खिलौने, माहेश्वरी की साड़ी, मुरैना की गजक, रतलामी सेव, रीवा का सुन्दरजा, उज्जैन का बटिक प्रिंट, सीहोर का शरबती गेहूँ, वारासिवनी की हेण्डलूम साड़ी, डिण्डोरी के मेटल वर्क को जीआई टैग मिला है।

#### एक्सपो में हुआ निवेशकों और स्थानीय उद्यमियों में संवाद

एक्सपो में निवेशकों और स्थानीय उद्यमियों के बीच संवाद का अवसर मिला, जिससे प्रदेश के कारीगरों और उत्पादों को नए बाजारों तक पहुंचाने की नींव रखी गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा फ्विदेशी निवेशकों से हुए मेल-मिलाप ने प्रदेश के उत्पादों को ग्लोबल व्यावसायिक मंच देने की आधारशिला रखी गई है।

जीआईएस, भोपाल में ओडीओपी-एक्सपो ने यह साबित कर दिया कि मध्यप्रदेश के पारंपरिक उत्पादों में वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता है। यह आयोजन स्थानीय उत्पादों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

## ब्रीफ न्यूज

### एमपी वेयरहाउसिंग के कर्मचारियों का विरोध

**17 मार्च से काली पट्टी बांधकर काम करेंगे, स्थायी नियुक्ति की मांग**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर आंदोलन की राह पर हैं। वेतन का सीधे निगम से भुगतान करने और नियमित करने की मांग को लेकर ये कर्मचारी 17 मार्च से काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। यह आंदोलन पूरे प्रदेश में एक साथ किया जाएगा। अप्रैल में मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों में प्रदर्शन किया जाएगा।

वरिष्ठ कर्मचारी नेता अनिल बाजपेई ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। मांग पत्र में लिखा है कि कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में निगम के रिक्त पदों पर स्थायी नियुक्ति, जबरन कंपनी में भेजे गए कर्मचारियों की वापसी और संविदा कर्मचारियों को नियमित करना शामिल है। साथ ही आउटसोर्स कर्मचारियों को सीधे निगम से वेतन भुगतान की मांग की गई है। वर्तमान में कंपनियां अपना कमीशन काटकर कर्मचारियों को वेतन का भुगतान कर रही हैं। कर्मचारी नेताओं ने निगम अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों को कंपनी में भेजने के कारणों की जांच की मांग की है। इन मांगों को लेकर 17 मार्च से प्रदेशभर के कर्मचारी काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। कर्मचारी नेता मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी मांगों से अवगत कराएंगे। वे श्रम विभाग द्वारा जारी आदेशों के पालन की भी मांग कर रहे हैं।

### होली के बाजार में नई पिचकारियों का धमाल

**एके-47 से लेकर फायर गुलाल टैंक तक**

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में होली की तैयारियां जोरों पर हैं। शहर के प्रमुख बाजारों में रंग-गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सज गई हैं। न्यूमार्केट, चौक बाजार, पिपलानी, बैरागढ़ सहित शहर के बाजारों में होली का माहौल बन चुका है। इस साल बाजार में नई तकनीक वाली पिचकारियों की भरमार है। वाटर गन, टैंक गन और एके-47 जैसी दिखने वाली पिचकारियां बच्चों को खूब लुभा रही हैं। स्कूल बैग की तरह पीठ पर बांधने वाला वॉटर टैंकर 800 रुपए में मिल रहा है। एके-47 स्टाइल की पिचकारी 700 रुपए में उपलब्ध है।

बच्चों के लिए डोरेमॉन, स्पाइडर-मैन और आयरन-मैन जैसे कार्टून कैरेक्टर वाली पिचकारियां भी हैं। हथौड़ा और फरसा डिजाइन की पिचकारियां 80 से 150 रुपए में मिल रही हैं। बाजार में 10 रुपए से लेकर 1200 रुपए तक की पिचकारियां उपलब्ध हैं। विक्रेताओं के अनुसार, छोटे बच्चों के लिए आधे से एक लीटर के पानी वाले टैंक भी आए हैं। इस बार की खास आकर्षण फायर गुलाल टैंक है। यह 3 से 6 किलो के सिलेंडर में 400 से 1200 रुपए में उपलब्ध है। यह टैंक आधे घंटे तक 5 से 8 फीट की दूरी तक रंगीन धुआं छोड़ता है। इससे आसपास का पूरा क्षेत्र रंगमय हो जाता है। रंगों के त्योहार की तैयारियों में मुखौटे और रंगीन टोपियां भी बच्चों को आकर्षित कर रही हैं।

### मप्र में तेजी से गर्म हो रहा मौसम का मिजाज

**गुजरात से सटे इलाकों में होने लगा लू का अहसास**

**भोपाल।** मप्र के मौसम का मिजाज तेजी से गर्म हो रहा है। खासतौर पर गुजरात से लगे इलाकों में तो भीषण गर्मी पड़ना शुरू हो गई। सोमवार को सबसे अधिक दिन का तापमान धार और रतलाम में 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं शिवपुरी और उज्जैन में 37 डिग्री सेल्सियस और खरगोन व गुना में तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रहा। इससे भी अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। हालांकि पूर्वी इलाकों में दिन में भीषण गर्मी पड़ने लगी हैं, लेकिन वहां अभी रात के न्यूनतम तापमान में वृद्धि नहीं हुई है।

मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि सोमवार को प्रदेश के सभी जिलों में अधिकतम व न्यूनतम दोनों तापमान बढ़े हैं। भोपाल और इंदौर का अधिकतम तापमान 35 डिग्री तक पहुंच गया है। प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में दक्षिण पूर्वी हवाएं आ रही हैं, वहीं पूर्वी इलाकों में उत्तर पूर्वी हवाएं आ रही हैं। हालांकि ईरान के आसपास ऊपरी हवा में एक पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है। इसका असर देश के उत्तरी इलाकों पर दिखा, लेकिन प्रदेश में इसका कोई अधिक प्रभाव नहीं होगा। प्रदेश में अगले चौबीस घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा और तापमान में मामूली बढोतरी हो सकती है।

## विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा पर सत्तापक्ष और विपक्ष में जमकर हुई बहस

**भोपाल।** विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा हुई। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा में विधायक अर्चना चिटनीस 49 मिनट तक बोलीं। इसके बाद कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा- यह उम्मीद जताई जा रही थी कि राज्यपाल के अभिभाषण में कुछ नया देखने को मिलेगा। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में जो योजनाएं चल रही थीं, उनको भी आगे बढ़ाने में सरकार पीछे रही है। शिवराज सिंह ने वादा किया था कि अगर उनकी सरकार फिर बनेगी तो हर परिवार को 450 रुपए में एलपीजी सिलेंडर देंगे लेकिन सरकार बनने के बाद ऐसा नहीं हुआ है।

विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विधायक जयवर्धन सिंह ने प्रदेश के स्कूलों में 70000 शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठाया। कहा कि सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। इस पर मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि विधायक अभिभाषण से हटकर वक्तव्य दे रहे हैं। सत्ता पक्ष के दूसरे सदस्य भी सारंग का समर्थन करने लगे। शोर शराबे की स्थिति बन गई। जवाब में कांग्रेस विधायक भी शोर-शराबा करने लगे। बाद में विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि जो आंकड़े उन्होंने पेश किए हैं, वह स्कूल शिक्षा विभाग के आंकड़े हैं। वे गलत जानकारी नहीं दे रहे हैं। उनके वक्तव्य के दौरान डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने भी टोका।

#### युवकों का मुंडन कर जुलूस निकालने के मामले में जांच

चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत की जीत पर देवास में जश्न मनाने वाले कुछ युवकों का पुलिस ने सिर मुंडवा दिया था। उनका जुलूस भी निकाला था। मामले को देवास विधायक गायत्री राजे पवार ने सदन में उठाया। उन्होंने बताया कि एसपी पुनीत गेहलोद ने मामले की जांच एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया को सौंपी है। 7 दिन में जांच पूरी करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

#### सिंचाई का पानी नहीं मिलने के मामले में जांच कराएंगे

केवलारी विधायक रजनीश सिंह ने सिवनी जिले के भीमगढ़ जलाशय से सिंचाई के लिए पानी न मिलने के कारण फसल खराब होने का मुद्दा ध्यानाकर्षण के जरिए उठाया। उन्होंने कहा कि किसानों को यहां पानी नहीं मिलने से सिंचाई प्रभावित हो रही है। सरकार को ध्यान देना चाहिए। इस पर जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने जांच कराने का ऐलान किया। उन्होंने कहा- ये डॉ. मोहन यादव की सरकार है। किसानों की सरकार है। हमारा संकल्प है कि किसान मजबूत होगा तो राष्ट्र मजबूत होगा।

#### पेसा एक्ट के क्रियान्वयन पर सवाल

विधायक सेना महेश पटेल ने पेसा एक्ट के क्रियान्वयन को लेकर सवाल किया। कहा कि अलीराजपुर, धार, झाबुआ, बड़वानी और खरगोन में पैसा कानून लागू करने के लिए कितनी ग्राम सभाओं का गठन हो चुका है? ऐसे विषय बताए जाएं, जिनमें ग्राम सभा फैसला नहीं कर सकती है। इसके जवाब में पंचायत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा- अलीराजपुर में 537, झाबुआ में 771, धार में 1329, बड़वानी में 683 और खरगोन में 713 ग्राम सभाओं का गठन किया गया है। पेसा नियम के अनुसार ही ग्राम सभाओं का प्रस्ताव पारित किया जा रहा है।

#### मंत्री पर गलत जानकारी देने का आरोप लगाया

विधायक कमलेश्वर डोडियार ने सैलाना और बाजना विकासखंड में अलग-अलग योजनाओं के कामों में देरी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि मंत्री द्वारा इस मामले में गलत जानकारी दी जा रही है। इस पर मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि यदि विधायक को लगता है कि मैंने गलत जानकारी दी है तो वह मेरे खिलाफ विशेषाधिकार हनन के लिए स्वतंत्र हैं। लेकिन संसदीय परंपराओं के तहत हमें ऐसे शब्दों से बचना चाहिए।

#### राजनीतिक हो-हल्ला ठीक नहीं, टेबल पर बैठकर बात करें

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा- आरोप लगाना बहुत आसान है। संबंधित विधायक कुछ कहना चाहते हैं तो टेबल पर बैठें, बताएं कि किन पॉइंट्स पर लाइट कम मिल रही है। मैं समीक्षा करूंगा, अगर अधिकारियों की गलती होगी तो उन पर कार्रवाई करूंगा। सिर्फ राजनीतिक हो-हल्ला मचाना ठीक नहीं है।

#### सरकार बर्खास्त हो, जनता पर कर्ज लाद रही

वहीं, उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने कहा कि सरकार में गैर अनुभवी लोगों को बैठा रखा है। बजट सत्र में पूरे साल के फंड वितरण की बात होती है लेकिन साल का तो छोड़िए, ये दिनों का भी अनुमान नहीं लगा पा रहे हैं। इस सरकार को तो फायनेंशियल इमरजेंसी लगा देनी चाहिए। इनको सिर्फ जनता पर कर्ज लादना है। इस सरकार को बर्खास्त कर देना चाहिए।

## संस्कृत विश्वविद्यालयों में होगा बड़ा बदलाव

### तीन केंद्रीय विश्वविद्यालयों के बीच समझौता, छात्रों को मिलेंगी कई सुविधाएं



**भोपाल।** नेशनल संस्कृत विश्वविद्यालय, तिरुपति में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालयों की दो दिवसीय बैठक का सफल आयोजन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, पाठ्यक्रमों के मानकीकरण, शोध नियमावली, संकाय विनिमय कार्यक्रम, क्रेडिट ट्रांसफर, संयुक्त अनुसंधान पहल और संस्कृत शिक्षा के वैश्विक प्रचार-प्रसार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेडी ने इस अवसर पर कहा कि यह समझौता संस्कृत शिक्षा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे संसाधनों के साझा उपयोग, छात्र एवं संकाय विनिमय कार्यक्रमों के विस्तार और संयुक्त पहलों के प्रभावी क्रियान्वयन को बल मिलेगा। उन्होंने संस्कृत शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाने तथा अनुसंधान आधारित नवाचारों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया।

#### शिक्षा की गुणवत्ता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा पर विशेष बल

प्रो. वरखेडी ने कहा कि संस्कृत विश्वविद्यालयों को यह समझना होगा कि आज विश्व भारत से क्या अपेक्षा करता है। उन्होंने विश्वविद्यालयों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार रहने और उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए अन्य विश्वविद्यालयों के साथ समझौता ज्ञापन (स्र्श्न) करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कौशल विकास, इंटर्नशिप कार्यक्रमों, शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण एवं रिफ्रेशर कोर्स जैसी योजनाओं को लागू करने पर भी बल दिया ताकि संस्कृत शिक्षा को आधुनिक एवं व्यावहारिक बनाया जा सके। इस बैठक में नेशनल संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जी. एस. आर. कृष्णमूर्ति, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुरली मनोहर पाठक, परीक्षा नियंत्रक प्रो. आर. जी. मुरलीकृष्ण, शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार, प्रो. मदनमोहन झा सहित तीनों विश्वविद्यालयों के संकायाध्यक्ष, अधिष्ठाता और उच्च प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

### हड़बड़ी में लॉन्च किए सम्पदा-2 पोर्टल में पकड़ी 58 गंभीर त्रुटियां

**भोपाल।** शासन ने ताबड़तोड़ कुछ समय पूर्व पंजीयन विभाग में सम्पदा-2 पोर्टल लॉन्च कर दिया, जिसमें दावा किया गया कि रजिस्ट्रियां करवाना अब आसान हो जाएगा, मगर हुआ इसका ठीक उलटा। ढेरों तकनीकी खामियां इस पोर्टल में रोजाना आ रही है, जिसके चलते रजिस्ट्री करवाने वाले अधिकांश लोग पुराने पोर्टल सम्पदा-1 पर ही दस्तावेजों का पंजीयन करवा रहे हैं, जिसमें स्लॉट कम होने के कारण हफ्तेभर तक की प्रतीक्षा सूची अलग चल रही है। अभी ऐसी 58 खामियों को बिंदुवार तैयार किया गया है, ताकि मुख्यालय इस सॉफ्टवेयर में सुधार कर सके, जिसमें गलत जियो टैगिंग से लेकर उन दस्तावेजों की अनिवार्यता भी कम करने को कहा गया है, जिसे अपलोड करने में अत्यधिक समय लगा है और मॉर्डगेज आदि दस्तावेजों में फोटो और नक्शे की जरूरत भी नहीं रहती। दूसरी तरफ कई दस्तावेज ऐसे हैं जो एकपक्षीय ही पंजीकृत हो सकते हैं, मगर उसके लिए सम्पदा-2 में कोई विकल्प ही नहीं दिया गया है। इसी तरह पॉवर ऑफ अटार्नी के जरिए मालिक को मैन्युअली जोड़ा जाता है तो उसके केवाईसी का कोई औचित्य नहीं है।

### पूर्व विधायक सुरेंद्र नाथ सिंह मम्मा का निधन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल से जुड़ी एक दुखद खबर आई है। भाजपा नेता और पूर्व विधायक सुरेन्द्र नाथ सिंह मम्मा का मंगलवार सुबह चार बजे निधन हो गया है। वह लंबे समय से बीमार थे। उनकी हाल ही में हार्ट सर्जरी हुई थी, लेकिन उनके स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ। सुरेन्द्र नाथ सिंह मम्मा भोपाल की मध्य विधानसभा सीट से विधायक रहे थे। इसके अलावा वह भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) के अध्यक्ष और भोपाल भाजपा के जिलाध्यक्ष भी रह चुके थे। उनके निधन से राजनीतिक जगत में शोक की लहर है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के पूर्व विधायक और वरिष्ठ भाजपा नेता श्री सुरेन्द्रनाथ सिंह के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि शोक की इस घड़ी में सबकी संवेदनाएं शोकाकुल परिवार के साथ हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व. सुरेन्द्रनाथ सिंह ने अपना सम्पूर्ण जीवन कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया, श्री सिंह ने अपने व्यवहार, स्नेह एवं आत्मीयता से सम्मान प्राप्त किया और कार्यकर्ताओं के बीच अलग छवि बनाई। आमजन के बीच वे मम्मा के नाम से लोकप्रिय थे। उनके निधन से संगठन सहित भोपालवासियों को अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजन को यह गहन दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

## वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा आज पेश करेंगे सातवां बजट

### 25 लोगों की टीम ने तीन महीने में तैयार किया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार का दूसरा बजट 12 मार्च को वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा विधानसभा में पेश करेंगे। इस बजट को 25 लोगों की टीम ने करीब तीन माह में तैयार किया है। यह वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा का सातवां बजट है। इस बार का बजट प्रधानमंत्री के मंत्र किसान, महिला, युवा और गरीब पर फोकस रहेगा। वित्त विभाग सभी विभागों का आकलन करने, फीडबैक लेने, अधिकारियों और मंत्रियों से चर्चा करने और जनप्रतिनिधियों से सुझाव लेने के बाद तैयार किया जाता है।

करीब चार लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का बजट 25 लोगों की टीम ने तीन महीने में तैयार किया है। इसमें सरकार जनता की सहभागिता के लिए उनके और विशेषज्ञों के साथ भी बैठक कर सुझाव लेती है। इसके बाद मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, मुख्य सचिव और वित्त विभाग के अधिकारी बजट के तैयार प्रस्ताव पर चर्चा कर इसे फाइनल करते हैं। वर्ष 2025-26 के बजट को मुख्य सचिव अनुराग जैन, वित्त विभाग के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी, सचिव लोकेश जाटव और बजट संचालक तन्वी सुन्द्रियाल की टीम ने तैयार किया है।

#### सीएस जैन की मार्गदर्शन में तैयार हुआ

मध्य प्रदेश के प्रशासनिक मुखिया अनुराग जैन के नेतृत्व में ही बजट तैयार किया गया है। 1989 बैच के आईएएस अधिकारी अनुराग जैन अभी मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव हैं। उनकी बजट में महारत है। वे भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में संयुक्त सचिव रह चुके हैं। वहीं, मध्य प्रदेश सरकार में वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के रूप में भी काम कर चुके हैं। बताया जाता है कि जैन पीएमओ में पदस्थ रहने के दौरान वित्त से संबंधित काम देखते रहे हैं। ग्वालियर में जन्मे जैन ने बीटेक की पढ़ाई की है।

#### पीएस रस्तोगी बजट टीम के मुखिया

प्रदेश के वित्त विभाग के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी हैं। उनके नेतृत्व में ही वित्त विभाग की टीम ने बजट तैयार किया है। फिलहाल बजट टीम के मुख्य कर्ता धर्ता वे ही हैं। इससे पहले मनीष रस्तोगी शिवराज सरकार में मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रमुख सचिव रह चुके हैं। इंदौर में जन्मे रस्तोगी ने बीटीके की पढ़ाई की है।

#### लोकेश जाटव सचिव वित्त विभाग

मध्य प्रदेश वित्त विभाग के सचिव लोकेश जाटव की भी बजट निर्माण में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। वे इंदौर में वाणिज्यकर विभाग के आयुक्त भी रह चुके हैं। 2004 बैच के आईएएस अधिकारी लोकेश जाटव कई जिलों में कलेक्टर, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, राज्य शिक्षा केंद्र में आयुक्त, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग में सचिव रह चुके हैं। बैतूल में जन्मे जाटव ने स्नातक तक की पढ़ाई की है।

#### तन्वी सुन्द्रियाल का अहम रोल

बजट 2025-26 तैयार करने में सबसे अहम रोल आईएएस अधिकारी तन्वी सुन्द्रियाल का है। वित्त विभाग में बजट डायरेक्टर सुन्द्रियाल ने ही सभी विभागों से जानकारी लेकर उसको आगे बढ़ाया। 2010 बैच की आईएएस अधिकारी तन्वी सुन्द्रियाल के नाम मध्य प्रदेश की पर्यटन नीति तैयार करने, डिजिटल मार्केट की शाखाएं खड़ी करने से लेकर कई उपलब्धियां हैं। झारखंड के रांची में जन्मी तन्वी सुन्द्रियाल ने बीई की पढ़ाई की है।

## नहीं गुमेंगी सरकारी फाइलें, नहीं होगी देरी

### इंदौर की तरह डिजिटल होंगी मप्र की अन्य नगर निगम

**भोपाल।** प्रदेश के सबसे बड़े नगर निगम इंदौर में सरकारी ठेके की फाइलें और जरूरी दस्तावेजों के हेर फेर से अब मुक्ति मिल सकेगी। दरअसल, इंदौर नगर निगम ने अपने अधीन तमाम फाइलें और जरूरी दस्तावेज को डिजिटल फॉर्मेट में संरक्षित करने का काम शुरू कर दिया है, यह पहला मौका है जब इंदौर नगर निगम की सभी फाइलें डिजिटल रूप में तैयार की जा रही हैं। इंदौर की तरह प्रदेश की अन्य नगर निगमों को भी डिजिटल किया जाएगा।

इसके पीछे की बड़ी वजह नगर निगम के रिकॉर्ड से दस्तावेजों और फाइलों का गायब होना है। हाल ही में यहां हुए करीब 90 करोड़ रुपए के भुगतान घोटाले में 174 फाइलों की ऑरिजिनल कॉपी नगर निगम के पास भी उपलब्ध नहीं है। फिलहाल इंदौर पुलिस केवल 48 फाइलों में दर्ज 31 करोड़ के घोटाले की ही जांच कर रही है। दरअसल, इंदौर मध्यप्रदेश की पहली नगर निगम है, जो अपने सभी दस्तावेजों को डिजिटलाइज करने का काम कर रही है। इन दिनों नगर निगम के सभी विभागों के प्रमुख दस्तावेज बुलाकर उन्हें डिजिटल फॉर्मेट में तैयार करवाया जा रहा है। लिहाजा नगर निगम प्रशासन ने सभी विभागों को जरूरी दस्तावेज के डिजिटलाइजेशन करने के निर्देश दे रखे हैं।

#### 1 करोड़ दस्तावेज होंगे डिजिटली रिकॉर्ड

**नगर निगम के डिजिटाइजेशन के तहत, नगर निगम के लगभग एक करोड़ दस्तावेजों को स्कैन कर डिजिटल फॉर्मेट में सहेजा जाएगा। इससे न केवल दस्तावेजों की सुरक्षा होगी, बल्कि लोगों को भी आसानी से दस्तावेज प्राप्त करने में मदद मिलेगी। लोगों को दस्तावेज प्राप्त करने के लिए नगर निगम के चक्कर नहीं लगाना पड़ेंगे।**

स्वामी **निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.**, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर-462023 भोपाल, म.प्र. से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 601, ए-2, फॉर्चून कस्तूरी, होशंगाबाद रोड, भोपाल-11 (म.प्र.) से प्रकाशित।
***स्थानीय संपादकः बालेन्द्र गुप्ता।** पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र भोपाल रहेगा।), **आर.एन.आई.नं. 58842/94**